
हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 21 जून 2025 | अंक 247/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 21 जून 2025 | अंक 247/ वर्ष 6 | पृष्ठ 8+4 | कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक
• डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)
• श्री स्वागत तोडकर • तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
----- विशेष उपचार -----
वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

# 5900 करोड़ रुपए के 28 प्रोजेक्ट

## पीएम मोदी ने बिहार को सौगात में क्या दिया?

### वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात, अफ्रीकी देश गिनी को भेजा जाएगा लोकोमोटिव



पीएम ने रेलवे की भी कई योजनाओं की सौगात बिहार को मिली है. वैशाली-देवरिया के बीच 29 किलोमीटर लंबी नयी रेल लाइन और हाजीपुर-सगौली के बीच 148 किलोमीटर लंबी रेल लाइन भी इसमें शामिल है. पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन, वैशाली-देवरिया सेक्शन के बीच ट्रेन और लोकोमोटिव फैक्ट्री की भी सौगात दी गयी. मढ़ौरा सारण से गिनी को निर्यात किए जाने वाले पहले लोकोमोटिव को भी पीएम ने रवाना किया. मेक इन इंडिया के तहत मढ़ौरा में बनी फैक्ट्री में यह इंजन तैयार किया गया है.

### इस साल बिहार में पीएम मोदी का यह चौथा दौरा

शुक्रवार को सीवान पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस साल का चौथा बिहार दौरा था. इससे पहले पीएम मोदी भागलपुर, मधुबनी और 29 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आए थे. आज प्रधानमंत्री मोदी ने सीवान में जनसभा को संबोधित किया, साथ ही करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया.

**सिवान.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के सीवान पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान पीएम मोदी ने सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 5,900 करोड़ रुपये की लागत से आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. पीएम मोदी यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में सीवान, गोपालगंज और सारण सहित कई जिलों के लोग पहुंचे हैं. पीएम मोदी ने इस मौके पर करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से वैशाली और देवरिया के बीच नई रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन किया. साथ ही, इस रूट पर नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई. इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह वंदे भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए चलेगी.

प्रधानमंत्री मोदी मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले निर्यात योग्य लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई, जो अब गिनी गणराज्य को भेजा जाएगा. बताया जाता है





कि यह लोकोमोटिव आधुनिक तकनीकों जैसे रीजेनरेटिव ब्रेकिंग, एसी प्रपल्शन और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोल से लैस है. प्रधानमंत्री मोदी ने सिवान से नमामि गंगे योजना के तहत 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने छह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का भी उद्घाटन किया. इसके साथ ही उन्होंने बिहार के विभिन्न शहरों में पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और सीवेज परियोजनाओं के लिए 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास भी किया. ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने 500 मेगावाट ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना की आधारशिला रखी. यह मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया और सिवान जैसे 15 ग्रिड सबस्टेशनों पर लगाई जाने वाली है. प्रत्येक सबस्टेशन में लगाई जाने वाली बैटरी की क्षमता 20 से 80 मेगावाट है. यह वितरण कंपनियों को महंगी दरों पर बिजली खरीदने से बचाएगा क्योंकि पहले से संग्रहीत बिजली को सीधे उपभोक्ताओं को वापस ग्रिड में भेजा जाएगा. पीएम मोदी ने यहां प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बिहार में 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त की राशि हस्तांतरण की जारी की और 6,600 से अधिक परिवारों को घरों की चाबियां सौंपी गई और गृह प्रवेश कराया.

इस मौके पर सांकेतिक रूप से विभिन्न जिलों से आए पांच लोगों को पीएम मोदी ने चाबी सौंपी. इससे पहले पीएम मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे. गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे. इस दौरान पीएम मोदी पर पुष्प वर्षा होती रही और उपस्थित लोग 'मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाते रहे. पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे. इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए.

### 5736 करोड़ की लागत वाली योजनाओं की सौगात

पीएम मोदी शुक्रवार को यूपी के कुशीनगर से हेलीकॉप्टर के जरिए सीवान पहुंचे. जसौली में पीएम की जनसभा भी आयोजित है. वहीं जिन योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन हुआ है वो योजनाएं नगर विकास एवं आवास विभाग, रेलवे, ऊर्जा विभाग और जल शक्ति जैसी महत्वपूर्ण विभागों से जुड़ी हैं.

### कई योजनाओं का भी शिलान्यास किया

अमृत योजना के तहत प्रस्तावित नगर विकास एवं आवास विभाग की 11 योजनाओं का शिलान्यास भी इसमें शामिल रहा. साथ ही नमामी गंगे परियोजना के तहत तैयार छह योजनाओं का उद्घाटन और चार नयी योजनाओं का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री ने किया है. बिहार के विभिन्न ग्रिड उप-स्टेशनों पर 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का शिलान्यास भी किया गया. बिहार में ऊर्जा क्षेत्र के लिए यह बड़ी योजना है.

### झुग्गी-झोपड़ी वालों को पक्का मकान मिला

पीएम के द्वारा सीवान से प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत बिहार के 53,666 गरीब लाभुकों के बैंक खातों में 5.37 अरब रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा गया. सारण और तिरहुत प्रमंडल के नगर निकायों में तैयार किये गये 6684 पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश भी प्रधानमंत्री की मौजूदगी में कराया गया. संबंधित नगर निकायों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करके लाभुकों को चाबी सौंपी गयी. 2183 करोड़ रुपये की जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया. अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत 11 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ.

# सहकारी मॉडल के आधार पर नेशनल टैक्सी सर्विस शुरू की जाएगी: शाह

**नई दिल्ली.**






केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज मुंबई दौरे पर हैं. जहां, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में एनएएफडी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किए. शाह ने कहा कि हम सब जानते हैं कि पूरी दुनिया के लिए सहकारिता एक आर्थिक व्यवस्था हो सकती है, परंतु भारत के लिए ये एक पारंपरिक जीवन का दर्शन है. साथ में आना, साथ में सोचना और साथ में काम करना, सुख और दुख दोनों में साथ देना, ये भारत के जीवन दर्शन की आत्मा है.

शाह ने कहा कि लगभग सवा सौ साल पुराने सहकारिता आंदोलन में इस देश के गरीब, किसान और महिलाओं के जीवन का एक प्रकार से सहारा बनने का सहकारिता आंदोलन ने किया है. शाह ने आगे कहा कि सहकारी मॉडल के आधार पर राष्ट्रीय टैक्सी नामक एक नई पहल शुरू की जाएगी. इस व्यवस्था में टैक्सी चालक न केवल सेवा से जुड़े होंगे, बल्कि वे भारत सहकारी टैक्सी के मालिक भी होंगे. लाभ सीधे उनके बैंक खातों में जाएगा. गृहमंत्री ने आगे कहा कि मोदी जी ने हमारे अन्नदाताओं को समृद्ध करने और एक समृद्ध इको सिस्टम में रहने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया. इसकी मांग कितने सालों से की जा रही थी, लेकिन किसी ने पूरी नहीं की. कहते थे सहकारिता राज्य का विषय है, केंद्र इसमें क्या करेगा? अब सहकारिता मंत्रालय ने ढेर सारे इनिशिएटिव लिए. उन्होंने कहा कि कर्नाटक, गोवा जैसे राज्यों में सहकारिता आंदोलन फला फूला. हमने सबसे पहला काम किया कि राष्ट्रीय स्तर पर इसका डेटा इकट्ठा किया. आज सहकारिता मंत्रालय के पास गांवों तक का डेटा है. हम देशभर में पैक्स बनाने जा रहे हैं. हर गांव के भीतर कोऑपरेटिव सोसाइटियां होंगी. ये सोसाइटियां मल्टी पर्पज काम करेंगी.

शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी बनाने का भी फैसला किया है. भारत सरकार ने बिल भी पारित कर दिया है. अगस्त की शुरुआत में इसकी आधारशीला रखी जाएगी. हमने तकनीक के सुधार के लिए भी ढेर सारा काम किया है. सबसे बड़ा काम किया है आयकर कानून के भीतर कॉर्पोरेट और कोआपरेटिव को समान स्तर पर लाने का काम किया है, जो सालों पुरानी मांग थी. उत्पादन में शामिल लोगों के लिए टैक्स की दर में कटौती की गई है. महाराष्ट्र में गन्ना मिलों के लिए टैक्स का विवाद था, यह करीब 15 हजार करोड़ का था.

# ईरान पर इजरायली हमलों में 657 लोग मारे गए, 2000 से ज्यादा घायल

**तेहरान.**



इजरायल और ईरान ने अपने युद्ध के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को हमलों का आदान-प्रदान किया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे थे और नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिखाई दिए। ट्रम्प इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के सुरक्षित फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए, जो एक पहाड़ के नीचे दबा हुआ है और व्यापक रूप से माना जाता है कि वह अमेरिका के "बंकर-बस्टर" बमों को छोड़कर किसी भी अन्य की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए "पर्याप्त अवसर" को देखते हुए वह दो सप्ताह के भीतर निर्णय लेंगे कि अमेरिकी सेना युद्ध में सीधे तौर पर शामिल होगी या नहीं। ईरानी मिसाइल हमले के एक दिन बाद इजरायली सुरक्षा बलों का एक सदस्य एक क्षतिग्रस्त इमारत के पास से गुजरता हुआ। एपी इजरायल और ईरान ने अपने युद्ध के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को हमलों का आदान-प्रदान किया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे थे और नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिखाई दिए। ट्रम्प इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के सुरक्षित फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए, जो एक पहाड़ के नीचे दबा हुआ है और व्यापक रूप से माना जाता है कि वह अमेरिका के "बंकर-बस्टर" बमों को छोड़कर किसी भी अन्य की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए "पर्याप्त अवसर" को देखते हुए वह दो सप्ताह के भीतर निर्णय लेंगे कि अमेरिकी सेना युद्ध में सीधे तौर पर शामिल होगी या नहीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक और यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और जर्मनी के समकक्षों के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे थे। फ्लाइटरडार24 के फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि उनके सामान्य कॉल साइन वाले विमान ने ईरानी सीमा के पास तुर्की के शहर वान से उड़ान भरी। ईरान आमतौर पर उनके प्रस्थान के कुछ घंटों बाद ही इसकी पुष्टि करता है। ब्रिटेन के विदेश सचिव ने कहा कि उन्होंने व्हाइट हाउस में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राजदूत स्टीव विटकॉफ के साथ मुलाकात की और संघर्ष को शांत करने वाले समझौते की संभावना पर चर्चा की।

## आज उधमपुर पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ



**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर रवाना हुए, जहां वे 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान वे उधमपुर छावनी क्षेत्र में तैनात भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों से मुलाकात और बातचीत भी करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "नई दिल्ली से उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) के लिए रवाना हो रहा हूं। कल सुबह शनिवार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लूंगा। इसके साथ ही उधमपुर छावनी में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से मुलाकात का इंतजार है।" अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की वैश्विक थीम "स्वास्थ्य, समरसता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना" के अनुरूप भारतीय सेना और भारतीय सांस्कृतिक केंद्र दुनियाभर में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

## पुरुलिया-जमशेदपुर नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, 9 की मौत

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को पुरुलिया-जमशेदपुर नेशनल हाईवे (एनएच-18) पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बलरामपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत नमशोल के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बोलेरो कार को टक्कर मार दी। कार में सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह के समय हुई, जब पुरुलिया से झारखंड की ओर जा रही बोलेरो कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने



सामने से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह दबकर चकनाचूर हो गई। हादसे में कार में सवार सभी नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और संभावित लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि क्या चालक की लापरवाही, सड़क की स्थिति, या अन्य कोई कारण इस हादसे के लिए जिम्मेदार था।

# 2026 से सभी बाइक्स में एंटी-लॉक ब्रेकिंग और 2 हेलमेट अनिवार्य होंगे

**नई दिल्ली.**



क्या आप बाइक या स्कूटर चलाते हैं? तो तैयार हो जाइए, क्योंकि 1 जनवरी 2026 से सड़कों पर आपकी सवारी पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित होने वाली है! सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक ऐसा धमाकेदार फैसला लिया है, जो हर बाइक प्रेमी को चौंका देगा. अब नई बाइक या स्कूटर खरीदने पर न केवल एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) अनिवार्य होगा, बल्कि आपको दो बीआईए-सर्टिफाइड हेलमेट भी मुफ्त में मिलेंगे! सबसे पहले बात करते हैं एबीएस की, जो अब हर नई बाइक और स्कूटर में अनिवार्य होगा, चाहे उसका इंजन साइज कुछ भी हो. अभी तक एबीएस सिर्फ 125 करोड़ से ऊपर की बाइक्स के लिए जरूरी था, जिसके चलते करीब 40% दोपहिया वाहनों में यह सेफ्टी फीचर नहीं था. लेकिन अब सरकार ने सबके लिए एकसमान नियम लागू कर दिया है. एबीएस, यानी एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, एक ऐसी तकनीक है जो अचानक ब्रेक लगाने पर आपकी बाइक के पहियों को लॉक होने से रोकती है. इससे आपका वाहन स्किड नहीं करता और आप सड़क पर बेहतर नियंत्रण रख पाते हैं. क्या आप जानते हैं? स्टडीज बताती हैं कि एबीएस के इस्तेमाल से सड़क हादसों में 35-45% तक की कमी आ सकती है!

### दो हेलमेट, दोगुनी सुरक्षा!

अब आते हैं इस खबर के सबसे मजेदार हिस्से पर- दो हेलमेट का नियम! अभी तक नई बाइक खरीदने पर सिर्फ एक हेलमेट मिलता था, लेकिन अब सरकार ने नियम बदल दिया है. 1 जनवरी 2026 से हर नई बाइक या स्कूटर के साथ दो बीआईएस -सर्टिफाइड हेलमेट देना अनिवार्य होगा. यानी, अब आप और आपके पीछे बैठने वाला पार्टनर दोनों पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे. आप सोच रहे होंगे, सरकार ने ऐसा क्यों किया? जवाब सीधा है- सड़क हादसों में होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण है सिर की चोटें. भारत में दोपहिया वाहन चालकों की मौत सड़क हादसों में 44% हिस्सा रखती है, और इनमें से ज्यादातर मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती हैं. सरकार का यह कदम न सिर्फ आपको सुरक्षित रखेगा, बल्कि आपके परिवार को भी सड़क हादसों के दुख से बचाएगा. दो हेलमेट का मतलब है कि अब आप और आपका साथी बिना किसी बहाने के हेलमेट पहनकर सड़क पर निकल सकते हैं.

बीसीएन एवं बीटीपी ग्रुप के संस्थापक
मा. सिराजभाई शेख

इनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में
बीसीएन, बीटीपी ग्रुप एवं कारा फाऊंडेशन के तरफ से
नि:शुल्क चष्मे, मोतीयाबिंदू ऑपरेशन, आरोग्य शिबीर
शनिवार दि. २१ जुन २०२५ को सुबह ९.३० से दोपहर १ बजे तक
स्थल : सिद्धूजी कोमजवार कार्यालय आशीर्वाद नगर, भारतमाता चौक, नागपुर.
शिबिर की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे: संजय लहाने मो. 9579369253
फ्री आँखो की जांच — साथि
फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन — स्व. भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संस्था
जनरल जांच — nelson hospital
फ्री डेंटल जांच — Luminous Dental Care, Dr. Aditya Kawane Cell No.: 9112002604
in BCN NEWS DIGITAL 24X7 | नागपुर मेट्रो समाचार | BTP Group | KARA FOUNDATION | Tickat
प्रशांत बडनाके मो. 9730005615, इमरान शेख मो. 9730005662, स्वप्नील बुंधाडे मो. 8482817786

आयोजक
श्री. सिद्धूजी कोमजवार

**सुविचार**

"योग केवल व्यायाम नहीं, आत्मा और ब्रह्मांड के बीच एक पुल है।"

**संपादकीय**

# प्रोटीन का प्राकृतिक स्रोत



भारत हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे ज़रूरी पोषक तत्व होने चाहिए। इनमें से प्रोटीन शरीर की मजबूती और मांसपेशियों की देखभाल के लिए सबसे अहम है। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है। रोज़ाना बादाम खाने से आपका योग अभ्यास और भी सशक्त बन सकता है। बादाम, जिन्हें अक्सर ड्राय फ्रूट्स का राजा कहा जाता है, पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें 15 ज़रूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं और यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। एक हालिया रिसर्च में डॉ. मार्क कर्न ने पाया कि रोज़ाना बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों को कम नुकसान होता है और रिकवरी तेज होती है। वहीं, डॉ. ओलिवर विटार्ड की एक अन्य स्टडी बताती है कि वर्कआउट से पहले बादाम का सेवन मांसपेशियों की अकड़न को कम करता है और प्रदर्शन बेहतर बनाता है। यही कारण है कि योग या किसी भी तरह की एक्सरसाइज के साथ बादाम एक बेहतरीन साथी हो सकते हैं, जो शरीर को अंदर से ताकत और ऊर्जा देते हैं। रोज़मर्रा की डाइट में बादाम को शामिल करना कई स्वास्थ्य लाभ दे सकता है। जैसे खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को घटाना, ब्लड शुगर नियंत्रित रखना, त्वचा की सेहत को बेहतर बनाना और वजन संतुलन में मदद करना। सबसे अच्छी बात यह है कि बादाम बहुपयोगी भी हैं। आप इन्हें नाश्ते के तौर पर खा सकते हैं, सलाद में मिला सकते हैं, स्मूदी में ब्लेंड कर सकते हैं या फिर किसी भी डिश को सजाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा, 'एक मां और कामकाजी महिला के रूप में योग ने मुझे हमेशा संतुलित बनाए रखा है। इससे मुझे मानसिक शांति मिलती है और मेरे स्वास्थ्य को कई फायदे हुए हैं. बेहतर पाचन, मजबूत इम्यूनिटी, दमकती त्वचा और तनाव से राहत। योग के साथ मैं संतुलित खानपान का भी खास ध्यान रखती हूं। मौसमी फल, सब्ज़ियां, दही और खासकर बादाम – ये सब मेरी डाइट का हिस्सा हैं। बादाम मेरे पसंदीदा स्नैक्स हैं, क्योंकि इनमें प्रोटीन और ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं जो मुझे दिनभर एनर्जी देते हैं और सेहतमंद बनाए रखते हैं। इससे मुझे आत्मविश्वास के साथ अपने घर और काम की जिम्मेदारियां निभाने में मदद मिलती है।'

न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा, ''योग या कोई भी शारीरिक गतिविधि तब सबसे ज्यादा असर दिखाती है, जब उसके साथ सही खानपान जोड़ा जाए। मैं हमेशा यही सलाह देती हूं कि योग के साथ प्रोटीन से भरपूर आहार लेना चाहिए – और बादाम इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। बादाम में प्रोटीन, डाइटरी फाइबर और दिल के लिए अच्छे फैट्स होते हैं, जो वजन नियंत्रित रखने और पोषण की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। इनका फायदा न सिर्फ हमारी दादी-नानी की बातों से, बल्कि 200 से ज्यादा वैज्ञानिक रिसर्च से भी साबित हो चुका है। यही कारण है कि बादाम हर रोज़ के भोजन में शामिल किए जाने योग्य एक बेहतरीन चीज़ हैं।''

मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स, रितिका समदार ने कहा, "योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्तरों पर संतुलन और ऊर्जा प्रदान करती है। योग शरीर और मन दोनों को बेहतर बनाने वाला प्रभावशाली अभ्यास है। इसका पूरा लाभ तभी मिलता है जब इसे संतुलित और पौष्टिक आहार के साथ जोड़ा जाए। मैं नियमित रूप से योग करने वालों को बादाम जैसे प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों को रोज़ाना के भोजन में शामिल करने की सलाह देती हूं। बादाम न सिर्फ मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करते हैं, बल्कि यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड शुगर को स्थिर रखने में भी कारगर हैं।"

फिटनेस और सेलिब्रिटी इंस्ट्रक्टर यास्मीन कराचीवाला ने कहा, "सेहतमंद रहने के लिए मैं नियमित एक्सरसाइज़ और साफ-सुथरे खानपान के संयोजन पर भरोसा करती हूं। जहां वर्कआउट मुझे शारीरिक रूप से फिट रखता है, वहीं योग मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। मैं योग को अपने साप्ताहिक रूटीन का हिस्सा ज़रूर बनाती हूं ताकि शरीर और मन के बीच संतुलन बना रहे। सक्रिय रहने के साथ-साथ मैं ऐसे भोजन को प्राथमिकता देती हूं जो प्राकृतिक और संपूर्ण हो-जिसमें बादाम एक ज़रूरी हिस्सा हैं। इनमें प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो रोज़ाना के पोषण के लिए बेहद लाभकारी हैं। मुझे बादाम की सबसे बड़ी खासियत यह लगती है कि इन्हें कई तरह से खाया जा सकता है, और हर रूप में इनमें मौजूद पोषक तत्व अपना असर दिखाते हैं।"

दक्षिण भारतीय फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रिया सरन ने कहा, "मेरे लिए योग सिर्फ एक वर्कआउट नहीं, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जिससे मैं अपने शरीर और मन दोनों से गहराई से जुड़ाव महसूस करती हूं। मुझे भारी-भरकम जिम वर्कआउट की तुलना में योग अधिक पसंद है, क्योंकि यह मुझे तनावपूर्ण समय में भी शांत, लचीला और केंद्रित बनाए रखता है। मैं अपने योग अभ्यास को बेहतर बनाने के लिए स्वच्छ और पौष्टिक भोजन लेना पसंद करती हूं, जिसमें प्राकृतिक चीज़ों को प्राथमिकता देती हूं। बादाम मेरा पसंदीदा हेल्दी स्नैक है- यह मेरी ऊर्जा को स्थिर बनाए रखते हैं और हर योग सत्र के बाद रिकवरी में मदद करते हैं। आमतौर पर मैं योग के बाद एक मुट्ठी बादाम ज़रूर खाती हूं, और इसका असर मैं हर बार महसूस करती हूं।"

आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन ने कहा, "योग शरीर और मन को जोड़कर सम्पूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। जब इसे बादाम जैसे पोषक आहार के साथ मिलाया जाए, तो यह एक संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली को और मजबूती देता है। सिद्ध चिकित्सा के अनुसार बादाम शरीर की कोशिकाओं को मजबूत करते हैं, वहीं आयुर्वेद मानता है कि बादाम नसों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं, ताकत बढ़ाते हैं और मांसपेशियों के विकास में मदद करते हैं। बादाम त्वचा की सेहत के लिए भी लाभकारी होते हैं और इन्हें रोज़ के खाने में आसानी से शामिल किया जा सकता है।"

इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, शरीर और मन के संतुलन को एक नई श्रद्धा दें-जहां हर आसन और हर निवाला एक बेहतर, संतुलित जीवन की दिशा में बढ़ाया गया कदम हो। अपने रोज़मर्रा के आहार में पोषक तत्वों से भरपूर बादाम को शामिल करें-जो मांसपेशियों की तेज़ रिकवरी, वज़न के बेहतर प्रबंधन और भीतर से संपूर्ण सेहत को मज़बूती देने में सहायक हैं।

रमेश लांजेवार

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

# स्वास्थ्य के लिए योग, पारंपरिक खेल और वृक्षारोपण: समय की मांग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी, और 21 जून 2015 को पहली बार यह दिन पूरी दुनिया में मनाया गया। भारत सरकार द्वारा योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने से भारत की साख पूरी दुनिया में बढ़ी है, इसका मैं स्वागत करता हूँ। योग, व्यायाम और स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम है, जो केवल शरीर के अंगों का ही नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा का संतुलन भी बनाए रखता है।



यह भारत की 5,000 वर्षों पुरानी परंपरा है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक साधना का आधार रही है। इसलिए हमारे ऋषि-मुनि, तपस्वी आदि सभी योग संस्कृति का पालन करते थे। आज के अत्याधुनिक युग में, लोगों को खुले मैदानों की कमी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि हर जगह ऊँची इमारतें, उद्योग, और शहरीकरण का प्रभाव दिखता है। ऐसे में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को खुली हवा में घूमने का अवसर नहीं मिलता, जबकि शरीर को व्यायाम की आवश्यकता होती है। ऐसे में योग, जिम और व्यायामशालाएं सहारा बनती हैं।

पहले मिट्टी में खेले जाने वाले पारंपरिक खेल बच्चों को स्वस्थ और सक्रिय रखते थे। लेकिन मोबाइल और कंप्यूटर की लत ने इन खेलों को लगभग खत्म कर दिया है। जिससे कई प्रकार की बीमारियाँ, जैसे तनाव, आँखों की समस्या, मस्तिष्क पर प्रभाव आदि बढ़ते जा रहे हैं। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए योग, व्यायाम, जिमनास्टिक अत्यंत आवश्यक हो गया है। आज दुनिया के 190 देशों ने योग को अपनाया है, जिनमें कई मुस्लिम देश भी शामिल हैं। यह भारत के लिए गर्व की बात है।

आज की युवा पीढ़ी अपनी पढ़ाई और करियर में व्यस्त है, लेकिन मोबाइल और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। योग ही वह माध्यम है जिससे घर बैठे भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। वातावरण प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, औद्योगिकीकरण और बदलते मौसम की वजह से खुले में व्यायाम करना मुश्किल हो गया है, लेकिन योग ऐसा साधन है जिसे चार दीवारों के भीतर भी किया जा सकता है। इसलिए ही यह पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो रहा है और भारत एक योगगुरु के रूप में स्थापित हो चुका है। इस योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए।

इसके साथ-साथ "घर तिथे झाड" यानी "हर घर एक पेड़" जैसी मुहिम के द्वारा वृक्षारोपण भी करना चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधे स्वास्थ्य के लिए संजीवनी हैं। हमारे राज्य महाराष्ट्र में 36 ज़िले, और लगभग 180 तालुके हैं। यदि सभी विधायक, कलेक्टर, बीडीओ और सामाजिक संगठन मिलकर योग दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करें तो यह एक ऐतिहासिक दिन बन सकता है। आज की स्थिति में जैसे योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, वैसे ही ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण भी उतना ही आवश्यक है। प्रशासन को इस दिशा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। योग दिवस के दिन स्कूल, कॉलेज, एसटी स्टैंड, प्रशासनिक दफ्तर, जेल आदि सभी स्थानों पर वृक्षारोपण होना चाहिए, ताकि यह एक विश्व कीर्तिमान बने और लोगों के स्वास्थ्य की भी रक्षा हो सके।

इस प्रकार योग और वृक्षारोपण का समन्वय एक स्वास्थ्य अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाना चाहिए। योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। इसीलिए 190 देशों ने इसे अपनाया है। भारत की प्राचीन संस्कृति आज भी जीवंत है और योग के माध्यम से दुनिया को एक नई दिशा मिल रही है। इसलिए योग आज दुनिया के लिए अनमोल रत्न और संजीवनी सिद्ध हो रहा है। हमें इस पर गर्व है। आइए, इस योग दिवस पर सभी लोग संकल्प करें: "योग करें, व्यायाम करें, वृक्ष लगाएँ, वृक्ष बचाएँ और प्रकृति का संतुलन बनाए रखें।

**आलेख**

पूर्णिमा वर्मन

# गुलमोहर: ऋतु की पहली दस्तक और प्रकृति का रंगमंच

मौसम ने दस्तक दी है। पेड़ों ने चोले बदल दिए हैं, आकाश गुनगुनाने लगा है और पंछियों ने फुला लिए हैं अपने डैने इधर उधर डालियों पर इतराने के लिए। खुलने लगे हैं जेठ के नये दिन, शुरू हो गए हैं धूप के आचमन, गुलमोहर दर गुलमोहर. धूप के छींटे. लाल, नारंगी और पीले। धूप है कि बरस रही हैं, आंगन है कि तप रहा है और गुलमोहर है कि खिल रहा है. खिलखिलाकर। ऐसे गुलमोहर को देख कर जिया भी जा सकता है और मरा भी जा सकता है। तभी तो दुष्यंत कुमार ने कहा था. "जियें तो अपने बग़ीचे में गुलमोहर के लिएमरें तो गैर की गलियों में गुलमोहर के लिए"यानि चाहे अपना घर हो या दूसरे की गली, दोनों जगह गुलमोहर के लिए जान हाज़िर है। बाद में यह शेर बहुत जगह गुलमोहर के वर्णन के समय याद किया गया। कमलेश्वर ने भी 'कितने पाकिस्तान' में खिड़की से झांकते इस पेड़ के विषय में लिखते हुए दुष्यंत कुमार की उपरोक्त पंक्तियों को दोहराया है। आइए उस अंश को यहां एक बार फिर दोहरा लें. "बहुत भारी मन से अदीब ने कौशल्या को देखा। फिर कांच की दीवार के पार उसकी कोठरी को। तभी कौशल्या को सिस्टर ने पुकारा।



वह जाने लगी, तो कांच के फ्रेम में आकर गुलमोहर की सुर्ख फूलों वाली शाख फिर झांकने लगी. और उसके बिस्तर के आस–पास दुष्यंत की लाइनें तैरने लगीं–जिएं तो अपने बग़ीचे में गुलमोहर के तलेमरें तो गैर की गलियों में गुलमोहर के लिएशाख ने दुबारा झांक कर देखा। शायद बाहर फिर हवा चली थी. ". कृष्णा सोबती ने दिल्ली की यादों में नीम, जामुन और इमली के पेड़ों के साथ इस पेड़ को शामिल करते हुए कहती है. "करीने से बने बंगलों की कतारें और उनकी दीवारों से झांकती बुगनबेलिया की नाजुक जानदार बेलों से लटकते गुच्छे गुलाबी- लाल- सफ़ेद- पीले हवाओं से अठखेलियां करते झूल- झूल-झूम- झूम उठते और इस सबको सगेपन से निहारते ऊंचे नीम, जामुन, इमली और गुलमोहर।" राजी सेठ अपनी एक कविता में कहती हैं.'तुम्हारी वर्षगांठ ऐसे बीते जैसे लदा हुआ गुलमोहर', लगता है वे इस समय गुलमोहर को खुशियों से भरा- भरा देख रही हैं। सोहिनी दयाल रास्तों पर लगे गुलमोहर को मुग्ध हो कर देखती हैं. 'वह गुलमोहर का पेड़ जनपथ को कितना ललित बनाता है।'

अभिरंजन भी कहते हैं 'हंसो ऐसे जैसे हवा से हिलकर हंसते हैं गुलमोहर के फूल' और प्रसून जोशी कहते हैं. 'तूने हंस के मुझसे मुस्कुराने को कहा मेरे मन के मौसम गुलमोहर से हो गए।' यानी कुल मिला कर गुलमोहर प्रतीक है खुशियों का। पर खुशी हो या गम गुलमोहर का खिलना बंद नहीं होता। सन्नाटे के क्षणों में भी गुलमोहर चुपचाप खिलते हुए खिलखिलाता है. अपने में तन्मय। मकानों की कतार के बाद सपाट चौड़ी सड़क है। लाल फूलों की सुकोमल छतरी से सजे हुए हैं गुलमोहर, कतार दर कतार हरी मखमली घास पर उसकी सुकोमल पंखुड़ियां रंगोली सी सजा रही हैं। कोमल पंखुरियां झर रही हैं . . .रुक–रुक कर अभिनंदन की बारिश करती हुई . . .टप . . . टप . . . टप . . .। नीचे दूब पर बुनी हुई है धूप छांह की चटाई। फर्न की तरह छोटी–छोटी पत्तियों की बुनावट वाले हिलते हुए पत्तों के साथ ताल से ताल मिला, हर पल चटाई भी बदल देती है अपना रूप। हवा का एक झोंका आता है सर . . .र . . .र . . . छतरी सिहरती है और चटाई बदल देती है अपनी छवि। जहां छांह थी वहां धूप और जहां धूप थी वहां छांह। सड़क है कि सुनसान पड़ी है, दूब है कि धूप छांह से खेल रही है और धूल है कि हवा के झोंके से उड़ी जा रही है. शायद ऐसा ही कोई दृश्य रहा होगा जब दिनेश शुक्ल ने लिखा. हंस कर बोली अलविदा, पगडंडी की धूलसन्नाटा बुनते रहे, गुलमोहर के फूल।गर्मी की उमस भरी दोपहर में जब सड़के सुनसान हो जाती हैं उस समय उड़ती हुई धूल से विदा लेते हुए गुलमोहर के फूलों का सन्नाटा बुनना बड़ा ही कलात्मक बिंब है। इसी तरह वे एक और दोहे में कहते हैं. "होंठों–होंठों चुप्पियां आंखों–आंखों बातगुलमोहर के ख्वाब में सड़क हंसी दिन–रात"सड़क भी चुप गुलमोहर भी चुप फिर भी वे आंखों से बात कर रहे हैं।

ऐसे चुप गुलमोहर के ख्वाब में सड़क का हंसना जैसे मौन में अपरिमित संतोष की लहर बहुत से सहृदय पाठकों के मन को छू लेगी।गुलमोहर के लिए लोगों की दीवानगी और लोगों के लिए गुलमोहर की दीवानगी के किस्से कम नहीं। कहते हैं पेड़ों की संवेदना बहुत घनी होती है। गुलमोहर भी इसका अपवाद नहीं। धर्मवीर भारती को जानने वाले बताते हैं कि मुंबई में उनके घर के सामने एक गुलमोहर का पेड़ हुआ करता था जो उनके देहावसान के बाद धीरे–धीरे सूख गया। वृक्ष और मनुष्य के बीच बहती इस संवेदनात्मक सघनता को शांति देवबाला जी की कहानी गुलमोहर में गहराई से महसूस किया जा सकता है।

कथाकार उदयप्रकाश का भी कहना है कि दिल्ली का वर्तमान घर उन्होंने उसके सामने उगे गुलमोहर के सौंदर्य से प्रभावित हो कर ख़रीदा था। हांलांकि बहुत दिनों तक वह गुलमोहर साथ न रह सका पर यह गुलमोहर किसी संवेदना का नहीं षड्यंत्र का शिकार हो गया। संवेदना और षड्यंत्र के बीच यह जो दुनिया बसी है, जिस जिजीविषा से यह आगे चलती जाती है उसका सटीक प्रतीक है गुलमोहर। गर्मी की तंग सांसों में पूरी श्रद्धा और आत्मविश्वास के साथ खिलते हुए गुलमोहर को देखकर कोई भी व्यक्ति प्रेरणा का विस्तृत निर्झर पा सकता है।

गुलमोहर पेड़ तो है ही, गुलमोहर नाम के घर, होटल, रेस्त्रां, गली और मुहल्ले भी कम नहीं। गुलमोहर रोड, गुलमोहर एनक्लेव, गुलमोहर एवेन्यू, गुलमोहर हॉल और गुलमोहर अपार्टमेंट भी बहुत से शहरों में मिल जाएंगे। जिसने भरतपुर की सैर की है और पक्षी विहार देखा है वह 'रिजॉर्ट बाघ' के मुख्य रेस्त्रां 'गुलमोहर' को भूला नहीं होगा। बंगलोर नगर अपने बगीचों के लिए प्रसिद्ध है पर अगर आप बंगलोर जाएं और मौसम गुलमोहर के खिलने का हो तो ताज वेस्ट एंड के गुलमोहर स्यूट्स में ठहरना न भूलें। गुलमोहर से घिरे इस गांव की शोभा आपका मन मोह लेगी। अगर पैसे बचाने हों तो 'गुलमोहर ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट' नाम का एक सुंदर–सा लॉज भी है पर गुलमोहर प्रेमियों के लिए यह एक धोखे का सौदा हो सकता है क्यों कि वहां गुलमोहर की बजाय अमलतास का एक सुंदर पेड़ है। मंजुल भगत के एक कहानी संग्रह का शीर्षक ही है गुलमोहर के गुच्छे। आबिद सुरती के उर्दू उपन्यास 'गुलमोहर के आंसू' को साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिल चुका है। गोविंद भाई पटेल के गुजराती उपन्यास 'खिलियो गुलमोहर' को भी बहुत से लोगों ने पढ़ा होगा।

1998 में रितु कुमार ने लाल और पीले रंगों की विभिन्न छवियों में शिफॉन पर बने डिज़ायनर कपड़ों की प्रस्तुति की थी, इसका नाम था. गुलमोहर कलेक्शन। जस्सी के फैशन उद्योग 'गुलमोहर हाउस' को अभी आप भूले नहीं होंगे। देवदास का वह दृश्य भी आपको याद होगा जब देवदास पारो के घर के सामने लाल फूलों वाले वृक्ष के नीचे बने चबूतरे पर अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। भूपेंद्र और मिताली सिंह के गाए गीत और ग़ज़लों के एक सीडी का नाम भी गुलमोहर है। कुल मिला कर यह कि गुलमोहर तरह–तरह से साहित्य और कला की दुनिया के लोगों को रिझाता रहा है। गुलमोहर शृंगार का भी प्रतीक है। किसी घर की चारदीवारी से सट कर खड़ा है गुलमोहर। सघन दूब की गोद में उगी सफ़ेद बोगनविला उससे लिपटी है गलबहियां डाले। हवा के तेज़ झोंकों में झूम रहे हैं दोनों। बोगनविला के तन से उड़ रहे हैं हल्के–हल्के काग़ज़ जैसे नन्हें फूल, छूट रही हैं सफ़ेद–लाल–गुलाबी फुलझरियां, झूम रहे हैं गुच्छे और गुलमोहर की फलियों के झुनझुने बज रहे हैं- धीमे–धीमे। ऐसी दोपहरी किसका मन नहीं मोह लेगी. शाम को जब दिन और रात मिलते हैं तब गुलमोहर की लाली क्षितिज पर बिखर कर धरती और आकाश को मिला देती है। रात में जब चांद आता है तो गुलमोहर के साथ मिल कर शरारतें करना नहीं भूलता, गुलमोहर का साथी बन जाता है। तभी तो तरंग यादव लिखते हैं- गुलमोहर की शाख हटा कर तूने किसको झांका चांद'। सुबह से शाम तक हर ऋतु हर साल जो दुनिया के दिलवालों के दिल पर छाया रहता है वह है गुलमोहर। मौसम मादक हो, थोड़ा सा वक्त हो, पेट में दाना हो तो गुलमोहर दर गुलमोहर प्रकृति में चैन ही चैन बिखरा नज़र आता है इसीलिए तो कहा है कि सड़कें जितनी जल रहीं नभ जितना बेचैन, गुलमोहर की छांह में मन को उतना चैन।

**संस्मरण**

सुनीता यादव

# समय की घड़ी और संघर्ष की कहानी

आज मेरा भइया सुस्त क्यों है। आज ट्यूशन पढाने नहीं गया। समय तो हो गया। देख आज धूप दीवार को पार कर गई। मां ने सर पर हाथ फेरते हुए बडे प्यार से पूछा। मैं अपने आप में खोया धरती को निहार रहा था। मां अपने काम में लग गई। कुछ देर बाद मां ने फिर से पूछ लिया। मैंने रूंधे गले से जवाब दिया. मां लाला ने कल मना कर दिया था। बोला कल से मत आना। मां ने मुझे पुचकार कर गोद में बैठा लिया। बोली क्यों फिकर करता है। तू अच्छा पढायेगा तो कोई और ट्यूशन मिल जायेगा। मां सांत्वना देकर अपने काम में लग गई। बात उस समय की है जब दोनों बडे भाई घर जाकर ट्यूशन पढाते थै। उस समय आज की तरह कोचिंग सैन्टर नहीं थे। घर जाकर पढाने की बहुत मांग थी। अभिभावक घर बुलाकर बच्चों को पढवाते थे। और बडा सम्मान करते थे। दोनों बडे भाई काफी समय से ट्यूशन पढा रहे थे हम हाईस्कूल की परीक्षा दे रहे थे। बोले मेहनत कर लो तुम्हें भी ट्यूशन दिलवा देंगे। हम ने मन लगाकर मेहनत की और हमारी हाईस्कूल में प्रथम श्रेणी आई। हम बहुत खुश थे कि अब हमें भी ट्यूशन मिल जायेंगे। हम दोनों छोटे भाई ट्यूशन के इन्तजार में थे। दूसरे भाई को ट्यूशन मिल गया और मुझे इन्तजार करना पडा। अगले दिन शाम को बडे भईया ने कहा कल मेरे साथ चलना। एक लाला जी कह रहे थे तेरी बात करा दूँगा। मन में उमंग हिलोरे ले रही थी। रात लम्बी दिखाई दे रही थी। अगली सुबह भइया लाला के पास बैठाकर अपना ट्यूशन पढाने चले गये। लाला की कपडे की दुकान थी। लाला ने कुछ देर बाद बात करना शुरू किया। हां तो हमने सुना है आपकी हाईस्कूल में फस्ट आई है। "जी"-----हमने गर्दन नीची कर जवाब दिया। वो समय ऐसा था जब हाई स्कूल में फस्ट आना बहुत होशियारी समझी जाती थी। गिने चुने मेहनती बच्चों की फस्ट आती थी। आज की तरह नम्बर बांटने की होड़ नहीं थी। लाला ने कहा पहले से कही पढा रहे हो। ------जी नहीं-----"हाई स्कूल इसी साल किया है। ठीक है लड़का सैकेन्ड क्लास में पढ़ता है। शैतान है पिटाई मत करना,प्यार से पढाना। कितने पैसे मिलेंगे----हमने डरते डरते पूछ लिया "पैसे" तुम्हारे भाई से बता देंगे। कल से शाम को 4 बजे पढाने आ जाना। मैं आपको घर दिखाने नौकर को भेजता हूं। कलवा जा मा साब को घर दिखा आ। हम कलवा के पीछे पीछे घर की ओर चले। बच्चे की मम्मी ने हमें निहारा और बोली ठीक है कल से आ जाना। अगले दिन हम दो बजे से ही चार बजने का इन्तजार देखने लगे थे। घर में घडी नहीं थी। हमारे यहां भटनागर जी किराये पर रहते थे। उनके पास हाथ में बांधने की घडी थी। हमने कहा भइया जब पौने चार बज जाये तो बता देना। वो बिजली सुधारने का काम करते थे और किसी के पंखे की मरम्मत कर रहे थे। पौने चार बजते उन्होंने मुझे बता दिया। हमने सामने वाली दीवार पर देखा और धूप जहां तक पहुंची थी वहां एक लाईन खींच दी। अब रोज रोज भटनागर भइया थोडे ही समय बताते। सो धूप लकीर तक आती और हम समय से पहले लाला के घर पहुंच जाते। जहां पढाने की व्यवस्था की गई थी उस कमरे की दीवार पर घडी टंगी थी सो उधर से 5 बजने का पता चल जाता था। इधर की व्यवस्था दीवार की धूप से हो ही गई थी। वैसे कुछ समय बाद जब ये बात भटनागर जी को पता चली थी तो वो मुझे ट्यूशन से पहले घडी दे दिया करते थे। हम जिस बच्चे को पढाने गये थे उसे पतंग का शौक था और जब कोई पतंग खिड़की से दिखाई देती थी तो विचलित हो जाता था। कभी कभी उठ कर चल देता था। हम बडे प्यार से समझाते थे। पिटाई कर नहीं सकते थे। बच्चे का मन पढाई में नहीं लगता था। जो याद करने को दो वह भी याद नहीं करता था। कुछ जोर से बोल जाओ तो रोने लगता था। मम्मी कहती थी मा-साब इसे रूलाया ना करो। जैसे ये पढे बस वैसे ही पढाओ। अब बच्चा अपनी मरजी से पढता था। हमारी सारी मेहनत बेकार जा रही थी। फिर भी हम अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। महीना पूरा हुआ। लाला ने हमें दुकान पर बुलाया। लाला बोले मा-साब बच्चा आपसे संभल नहीं रहा है। हमने कहा उसकी मम्मी बच्चे का पक्ष लेती है और वहीं घूमती रहती है तो बच्चा डरता नहीं है। और पढाई या तो शौक से होती है या फिर खौफ से होती है। वहां दोनों का ही अभाव था। सो लाला जी ने 30 रूपये हमें पकडा दिये। हमने कहा लाला जी रूपये तो 40 तय हुये थे। 10 रूपये कम क्यों कर लिये। लाला जी बोले 10 रूपये रविवार की छुट्टियों के काट लिये। मैं निरूत्तर था।

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शनिवार, 21 जून 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

# गढ़चिरोली जिले के एक्सप्रेसवे, रेलवे और एयरपोर्ट परियोजनाओं में तेजी लाई जाएगी

**गढ़चिरोली.**

राज्य में सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमि अधिग्रहण तय समय के अनुसार पूरा किया जाना चाहिए और परियोजनाओं को जल्द से जल्द पटरी पर लाया जाना चाहिए। साथ ही, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज सभी संबंधित एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण की कमी के कारण कोई भी परियोजना विलंबित न हो। मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने वर्षा निवास पर राज्य में महत्वपूर्ण परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण की समीक्षा की।

इस अवसर पर राज्य में नागपुर-गोवा शक्तिपीठ महामार्ग, विरार-अलीबाग कॉरिडोर, जालना-नांदेड़ एक्सप्रेसवे, पुणे रिंग रोड पूर्व, पश्चिम और विस्तार, भंडारा-गढ़चिरोली एक्सप्रेसवे, नागपुर-चंद्रपुर एक्सप्रेसवे, नागपुर-गोंडिया एक्सप्रेसवे, नवेगांव (मोड़)-सूरजागड़ मिनरल कॉरिडोर, वधान-इगतपुरी एक्सप्रेसवे सहित सड़क परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ वर्धा-नांदेड़, वडसा-गढ़चिरौली रेलवे परियोजनाओं और कोल्हापुर, कराड, अकोला, गढ़चिरौली और छत्रपति संभाजीनगर में हवाई अड्डों के भूमि अधिग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई।

परियोजनाओं में देरी के कारण उनकी लागत में भारी वृद्धि होने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए सभी एजेंसियों को समयसीमा दी गई है। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। सभी एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड पर काम करना चाहिए। भूमि अधिग्रहण के काम को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और तुरंत शुरू किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी निर्देश दिए कि इस संबंध में सभी को गुणात्मक और रचनात्मक कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि शक्तिपीठ राजमार्ग योजना को पूरी गति से चलाया जाना चाहिए और इसकी योजना तैयार की जानी चाहिए। ताकि न्यूनतम वन भूमि प्रभावित हो। वित्त विभाग को इस सड़क के भूमि अधिग्रहण के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराना चाहिए। चूंकि विरार अलीबाग कॉरिडोर के मोरबे से कारंजा खंड में वन भूमि और मैंग्रोव वन हैं, इसलिए आवश्यक परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जानी चाहिए। साथ ही, इस परियोजना के लिए परमिट प्राप्त करते समय, प्रशासनिक प्रक्रिया को समानांतर रूप से जारी रखा जाना चाहिए। इस प्रकार हर एक काम को गति दी जा सकती है।

सागरमाला योजना में वधान-इगतपुरी एक्सप्रेसवे को शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना चाहिए। परभणी जिले के सेलू में जालना-नांदेड़ एक्सप्रेसवे की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए। भंडारा-गढ़चिरौली, नागपुर-चंद्रपुर, नागपुर-गोंदिया समेत विदर्भ के सभी एक्सप्रेस-वे की योजनाओं को अंतिम रूप देकर उन्हें गति दी जाए। वडसा-गढ़चिरौली और वर्धा-नांदेड़ रेलवे लाइनों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरी की जाए और काम शुरू किया जाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिए।

गढ़चिरोली हवाई अड्डे का ओएलएस किया जाए और इसका प्रस्ताव गढ़चिरौली जिला कलेक्टर द्वारा भेजा जाए। अकोला में हवाई अड्डे के रनवे की लंबाई बढ़ाकर 2400 मीटर की जाए। अकोला में एक सुंदर और आधुनिक तथा बड़ा हवाई अड्डा बनाया जाए, ये निर्देश मुख्यमंत्री फडणवीस ने राज्य में हवाई अड्डे की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी निर्देश दिए कि राज्य में 11 महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण के लिए आवश्यक 53 हजार 354 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराई जाए। इस बैठक में राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार, लोक निर्माण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा म्हैसकर, वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मिलिंद म्हैसकर, परिवहन एवं बंदरगाह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता, महाराष्ट्र सड़क विकास महामंडल के प्रबंध निदेशक अनिल गायकवाड़ आदि उपस्थित थे।

### गढ़चिरोली जिले में एक्सप्रेसवे, रेलवे और एयरपोर्ट परियोजनाओं में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में भंडारा-गढ़चिरौली एक्सप्रेसवे और वडसा-गढ़चिरौली रेलवे लाइन जैसे गढ़चिरोली जिले के महत्वपूर्ण परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इन दोनों परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण को तय समय में पूरा करने का आदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को पंद्रह दिनों के भीतर वडसा-गढ़चिरोली रेलवे लाइन की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कलेक्टर को गढ़चिरौली हवाई अड्डे के विकास के लिए आवश्यक ओएलएस (बाधा सीमा सतह) सर्वेक्षण कराने के लिए तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया।

# जो व्यक्ति आपको जान से मारने की धमकी देता है उसके विरुद्ध कार्रवाई करें

## ठेका मजदूर रोशन हरबड़े की पत्रवार्ता के माध्यम से पुलिस से की मांग

**चंद्रपुर.**

क्षेत्र के 200 ठेका मजदूर कोयला खदान या नजदीकी कंपनी में पुनः काम पर रखे जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने विरोध भी जताया। लेकिन मजदूरों के विरोध के डर से आंदोलनकारियों को अज्ञात फोन नंबर से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में ठेका मजदूर रोशन हरबड़े ने गड़चांदूर पुलिस से प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जान से मारने की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने बताया कि वे पिछले दस सालों से कोयला खदान में ठेका मजदूर के तौर पर काम कर रहे थे। उनका ठेका अभी खत्म हुआ है और वे जिस कंपनी में काम कर रहे हैं या इलाके की किसी दूसरी कंपनी में काम करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए उनका संघर्ष जारी है। इसी बीच 19 जून 2025 को सुबह 10.30 बजे किसी अनजान नंबर से अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके कहा कि जो कर रहे हो, मत करो, अपने परिवार के साथ खुश रहो, वहां से चले जाओ, नहीं तो मैंने तुम्हें चेतावनी दे दी है। मैं तुम्हें जल्द ही अंजाम दिखाऊंगा, पुलिस में जाकर शिकायत दर्ज कराओ, मैं अभी सजा काटकर लौटा हूं। यह कहकर उन्होंने फोन काट दिया।

मेरे साथियों और मैंने वेकोलि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नागपुर तक मार्च निकाला। साथ ही, चूंकि हम अनुभवी और स्थानीय हैं, इसलिए हमने वेकोलि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की कुछ अन्य कंपनियों में नौकरी दिए जाने की मांग की। हम संवैधानिक तरीके से विरोध कर रहे हैं। बेरोजगारी ने परिवार के सामने संकट खड़ा कर दिया है। रोशन हरबड़े ने गड़चांदूर पुलिस को एक पत्र के माध्यम से जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चंद्रपुर क्रीड़ा संकुल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर उठी आवाज

## जलतरण तलाव में फिसलन और प्रशिक्षक की कमी पर जताई चिंता

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर के जिला क्रीड़ा संकुल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। माहिती अधिकार कार्यकर्ता महासंघ के जिला अध्यक्ष हिमायू अली ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए परिसर की खामियों और लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि क्रीड़ा संकुल के जलतरण तलाव के चारों ओर मार्बल की टाइल्स लगी हुई हैं, जो लगातार गीली रहने के कारण अत्यंत फिसलनभरी हो गई हैं। इससे प्रतिदिन बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग फिसलकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं। यह स्थिति कई बार जिला क्रीड़ा अधिकारी के संज्ञान में लाई जा चुकी है, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसके साथ ही, अली ने यह भी बताया कि जलतरण तलाव में फिलहाल तीन अलग-अलग संगठनों द्वारा बच्चों को तैराकी सिखाई जा रही है, लेकिन वहां पर कोई अधिकृत और प्रशिक्षित तैराकी प्रशिक्षक नियुक्त नहीं है। यह बच्चों की जान के साथ बड़ा जोखिम है और भविष्य में किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### हिमायू अली ने जिलाधिकारी से की मांग

- जलतरण तलाव के आसपास की फिसलनभरी टाइल्स को तुरंत बदला जाए या सुधार कार्य कराया जाए।
- केवल प्रमाणित तैराकी प्रशिक्षकों को ही बच्चों को प्रशिक्षण देने की अनुमति दी जाए।
- पूरे क्रीड़ा संकुल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का पुनर्मूल्यांकन कर जरूरी कदम उठाए जाएं।
- उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि जनहित और विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए।
- यह ज्ञापन जिला क्रीड़ा अधिकारी को भी प्रतिलिपि स्वरूप भेजा गया है।
- अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर कितनी शीघ्रता और गंभीरता से कार्यवाही करता है।

# आईआईए चंद्रपुर उपकेंद्र कार्यकारी बोर्ड का उद्घाटन आज

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईआईए उपकेंद्र सचिव वसीम शेख से जानकारी

**चंद्रपुर.**

एक पत्रकार सम्मेलन में उप-केंद्र समिति के सचिव वसीम शेख ने बताया कि वास्तुकला और व्यावसायिक विकास में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए चंद्रपुर शहर में भारतीय आर्किटेक्ट संस्थान (आईआईए) चंद्रपुर उप-केंद्र की नई कार्यकारी समिति का उद्घाटन 21 जून को शाम 6.30 बजे एनडी होटल में किया जाएगा। भारतीय वास्तुकार संस्थान (आईआईए) की स्थापना 1917 में हुई थी। यह वास्तुकला में उत्कृष्टता और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक प्रमुख राष्ट्रीय निकाय है। चंद्रपुर उप-केंद्र की स्थापना पहली बार चंद्रपुर में की जा रही है। इस उप-केंद्र की नई कार्यकारी समिति का उद्घाटन 21 जून को किया जाएगा।

उद्घाटन आईआईए नेशनल काउंसिल पुणे के संयुक्त सचिव संदीप बावड़ेकर, आईआईए महाराष्ट्र के अध्यक्ष संदीप प्रभु, सुनील भाले, रविराज सरवटे, आईआईए महाराष्ट्र चैप्टर के कोषाध्यक्ष शेखर बागोल, उपेंद्र पंडित और प्रियदर्शन नागपुरकर द्वारा किया जाएगा।

आईआईए चंद्रपुर उपकेंद्र के अध्यक्ष पद पर वैभव सहरकर, उपाध्यक्ष पद पर सचिन चिंतावर, सचिव पद पर वसीम शेख, कोषाध्यक्ष पद पर परिणीता मेश्राम, पूर्व सदस्य रवि पचारे, आनंद मुंधड़ा, तेजस कालस्कर, स्पर्श कालड़ा, दिलीप जांगिड़, शिल्पा हसनी, शिवानी निंबालकर चुने गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैभव सहरकर, सचिन चिंतावर, वसीम शेख, परिणीता मेश्राम, दिलीप जानवे, शिवानी निंबालकर, स्पर्श कालड़ा आदि मौजूद थे.




# मुख्यमंत्री फडणवीस के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर

## विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिकारियों के साथ की योजना बैठक

**चंद्रपुर.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार द्वारा जुलाई महीने में सेवा सप्ताह चलाया जा रहा है। इस पहल के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में रामबाग मैदान में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में विधायक किशोर जोरगेवार ने आज अधिकारियों और डॉक्टरों की टीम के साथ एक योजना बैठक की।

बैठक में सरकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मिलिंद कांबले , चंद्रपुर मनपा आयुक्त विपिन पालीवाल , जिला शल्य चिकित्सक डॉ. महादेवराव चिंचोले , जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कराटे , सहायक वनसंरक्षक विवेक नातू , भारतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. दीक्षित , आचार्य विनोबा भावे अस्पताल के शिंगणे , जुपिटर अस्पताल के डॉ. स्वप्निल वावडीकर , राष्ट्रीय कैंसर अस्पताल के डॉ. पवन अगराडे और विविध संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुभाष कासनगोट्टुवार , प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य तुषार सोम , पूर्व शहर अध्यक्ष दशरथसिंह ठाकुर , प्रकाश देवताले , अजय जयसवाल , बलराम दोदानी, मनोज पाल , नामदेव दाहुले , संजय बरघाटे , पूर्व नगरसेवक प्रदीप किरमे , संदीप अवारी , देवानंद वधाई , रवि गुरनुले , वंदना हटगांवकर , सविता डंधारे , सयाली यरने , राजेंद्र आडपेवार , इस अवसर पर अमोल शेंडे , रशीद हुसैन , नकुल वासमवार , जितेश कुलमेथे , करणसिंह बैस , मंगेश अहिरकर आदि उपस्थित थे।

विधायक किशोर जोरगेवार ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें और सुनिश्चित करें कि शिविर में मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें । शिविर का स्थान , सुविधाएं , आवश्यक चिकित्सा उपकरण , दवाइयां और टीम संरचना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को अधिकतम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस शिविर में मनपा स्वास्थ्य विभाग , सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल , जिला परिषद स्वास्थ्य विभाग , जुपिटर अस्पताल , सावंगी मेघे , कस्तूरबा अस्पताल सेवाग्राम , श्री सांवरलाल जोधपुर अस्पताल , भारतीय चिकित्सा संघ , राष्ट्रीय कैंसर अस्पताल शामिल होंगे। शिविर से पहले मरीजों का पंजीकरण और प्रारंभिक जांच की जाएगी। गंभीर बीमारी पाए जाने पर विशेषज्ञ डॉक्टर शिविर के दिन सलाह और आगे का उपचार देंगे। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा है कि स्वास्थ्य शिविर की तारीख जल्द ही तय की जाएगी।

## डीआरआई की 50 किमी पीछा कर कार्रवाई

# जूस-ओट्स के पैकेट में छिपे थे 5 करोड़ के ड्रग्स!



**मुंबई.**

राजस्व खुफिया निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली से मुंबई आ रही बस में सवार एक नाइजीरियाई महिला के पास से करीब 5 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। यह कार्रवाई गुरुवार सुबह अंजाम दी गई, जब अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर बस का करीब 50 किमी तक पीछा किया और विदेशी महिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित ड्रग्स को बड़ी ही चालाकी से ओट्स और जूस के पैकेटों में छिपाकर रखा गया था। बरामद सामग्री में 2.56 किलोग्राम मेथमफेटामाइन (एमडी) और 584 ग्राम नशीली गोलियां शामिल हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुल कीमत करीब 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीआरआई ने बाद में उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे महिला ये मादक पदार्थ सौंपने वाली थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी वर्तमान में पुलिस हिरासत में हैं और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। दोनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने अंधेरी इलाके में तीसरे तस्कर को दबोचा, जिसके पास से 605 ग्राम एमडी जब्त की गई। कुल मिलाकर 1.18 किलो ड्रग्स बरामद की गई। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी घाटकोपर और अंधेरी इलाकों में सक्रिय एक बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं। उनसे पूछताछ में ड्रग तस्करी के एक संगठित रैकेट को पर्दाफाश होने की उम्मीद है। इसलिए पुलिस आरोपियों के कनेक्शन, उनके आपराधिक इतिहास और संभावित बड़े सिंडिकेट की गहन पड़ताल कर रही है।

### घाटकोपर-अंधेरी से 3 तस्कर गिरफ्तार

इस बीच, मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की घाटकोपर यूनिट ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1.18 किलो एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिनकी कीमत 2.03 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह कार्रवाई मुंबई के अंधेरी और घाटकोपर इलाकों में की गई।

## संत तुकाराम पालकी यात्रा में भक्तों का उत्साह




संत तुकाराम महाराज की आस्था, लोकप्रियता और भक्तिभाव का प्रतीक है. पंढरपुर वारी कहलाने वाली यह यात्रा भगवान विट्ठल के सम्मान में सदियों पुरानी तीर्थयात्रा है, जो भगवान विष्णु के पूजनीय रूप हैं.

## महावितरण कर्मियों की सुरक्षा हेतु 'ऑनलाइन मॉड्यूल' का उद्घाटन




**नासिक.**

महावितरण द्वारा तकनीकी कर्मचारियों को 20 से 25 प्रकार के व्यक्तिगत व सामान्य सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाते हैं, ताकि वे बिजली व्यवस्था में सुरक्षित रूप से मरम्मत व देखभाल का कार्य कर सकें। इन उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 'टी अँड पी रजिस्टर मॉड्यूल' नामक एक स्वतंत्र ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। इसका उद्घाटन सीएमडी लोकेश चंद्र ने 18 जून को नासिक में किया। इस ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से कर्मचारियों को टेस्टर, स्क्रू ड्रायव्हर, रबर ग्लव्स, गमबूट, सेफ्टी बेल्ट, ड्रिल मशीन आदि सुरक्षा उपकरणों की मांग, वितरण व स्टॉक स्थिति की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। अब तक यह प्रक्रिया पारंपरिक रूप से मैन्युअली होती थी। यह मॉड्यूल महावितरण के कर्मचारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा, जिससे सामग्री की गुणवत्ता, उपलब्धता और समयबद्ध बदलाव का रिकॉर्ड ऑनलाइन ही रहेगा। यदि कोई सामग्री समयपूर्व खराब होती है या उसकी समयसीमा समाप्त होती है, तो नई मांग भी तत्काल दर्ज की जा सकेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में दिलीप जगदाळे, सचिन तालेवार, राजेंद्र पवार, और प्रसाद रेशमे उपस्थित थे। इस पहल से सुरक्षा सामग्री की पारदर्शी व त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित होगी और भंडारण की बेहतर योजना बन सकेगी।

## ईडी के दफ्तर पहुंचे डिनो मौर्य

**मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेता डीनो मोरिया गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय के मुंबई स्थित कार्यालय (ईडी ऑफिस) पहुंचे। मीठी नदी घोटाले से जुड़े मामले में उनसे घंटों पूछताछ की गई, जिसके दौरान उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया। डीनो को इस (मीठी रिवर स्कॅम) मामले में बुधवार को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह बीते कल उपस्थित नहीं हो सके थे।

गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे डीनो मोरिया साउथ मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित ईडी ऑफिस पहुंचे। उनके साथ उनके भाई सेंटिनो मोरिया भी मौजूद थे, जो खुद भी जांच के दायरे में हैं। 65 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले में डीनो मोरिया का नाम सामने आने के बाद ईडी की कार्रवाई तेज हो गई है। माना जा रहा है कि इस घोटाले में कई अन्य हाई-प्रोफाइल नाम भी जांच के घेरे में आ सकते हैं। बता दें कुछ दिन पहले ही ईडी ने डीनो मोरिया के आवास और दफ्तर पर छापेमारी की थी।

## लाड़की लाभार्थियों को जून की 1500 की किस्त का इंतजार



**मुंबई.**

राज्य की मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिण योजना की जून महीने की 1500 रुपये की बारहवीं किस्त का करोड़ों महिलाएं बेसब्री से इंतजार कर रहीं हैं। जुलाई 2024 से शुरू इस योजना के तहत अब तक पात्र महिलाओं को 11 किश्तों में कुल 16,500 रुपये की राशि दी जा चुकी है। इस बीच लाड़की बहिन योजना की दो करोड़ से अधिक लाभार्थी महिलाओं के लिए अच्छी खबर आई है।

महाराष्ट्र सरकार ने अपनी महत्त्वाकांक्षी लाड़की बहिन योजना के तहत अब राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत लाभार्थी महिलाओं के माध्यम से महिला शहरी सहकारी ऋण सोसायटी गठित कर उन्हें पंजीकृत करने का निर्णय सरकार ने लिया है। इस पहल के जरिए महिलाओं को न सिर्फ वित्तीय सहायता मिलेगी, बल्कि वे खुद की सहकारी संस्था की जिम्मेदारी भी संभालेंगी और व्यवसायिक निर्णय लेने की भूमिका में भी रहेंगी। सरकार के 8 मार्च 2019 के परिपत्रक के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रीय स्तरों पर महिलाओं द्वारा गठित संस्थाओं के पंजीकरण के लिए निम्नलिखित मानदंड निर्धारित किए गए हैं.

**नगरपालिका क्षेत्र:** कम से कम 500 सदस्य, और 5 लाख रुपये पूंजी, गांव कार्यक्षेत्र: कम से कम 250 सदस्य, और 1.5 लाख रुपये पूंजी, तालुका स्तर: कम से कम 500 सदस्य, और 5 लाख रुपये पूंजी, जिला स्तर: कम से कम 1,500 सदस्य और 10 लाख रुपये पूंजी। इन मानदंडों को पूरा करने वाली संस्थाएं पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। इस पूरी प्रक्रिया में महिला व बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सहकार विभाग महिलाओं की सूची इस विभाग से प्रमाणित करवा कर ही आगे की प्रक्रिया पूरी करेगा।

## महिला से 22 लाख की ठगी!

**मुंबई.** मुंबई में साइबर फ्रॉड का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों ने पाकिस्तानी जासूस होने का आरोप लगाकर एक 64 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला से 22.4 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने खुद को दिल्ली एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस का अधिकारी बताकर महिला पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का झूठा आरोप लगाया और फिर धमकाकर पैसे ऐंठ लिए। साइबर पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मुंबई में जासूसी के नाम पर ठगी का यह पहला मामला है। यह घटना दक्षिण मुंबई के गिरगांव इलाके की रहने वाली महिला के साथ हुई, जिसने बीते सप्ताह दक्षिण क्षेत्र साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। बुजुर्ग महिला को जून की शुरुआत में अज्ञात नंबरों से तीन कॉल आए। फोन करने वालों ने खुद को दिल्ली एटीएस के अधिकारी प्रेम कुमार गुप्ता और जम्मू-कश्मीर बॉर्डर थाने से जुड़ा हुआ बताया। उन्होंने महिला से कहा कि उसके खिलाफ पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है और उसे 10 साल की जेल व 50 लाख रुपये जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। विश्वास दिलाने के लिए जालसाजों ने महिला को फर्जी आईडी कार्ड की तस्वीर भी भेजी। गिरफ्तारी और बदनामी के डर के चलते पीड़िता ने 5 से 10 जून के बीच ठगों के विभिन्न बैंक खातों में कुल 22.4 लाख रुपये जमा कर दिए। पैसे ट्रांसफर करने के कुछ दिन बाद जब जालसाजों की ओर से कॉल आना बंद हुआ, तब महिला को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने 13 जून को साइबर पुलिस से संपर्क किया। महिला की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। साइबर पुलिस अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है।

## ठाकरे भाईयों के एक होने की चर्चा



**मुंबई.**

उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों के बीच शिवसेना शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के करीबी सहयोगी रहे गजानन कीर्तिकर ने एक बड़ा बयान दिया है। कीर्तिकर ने कहा है कि दोनों शिवसेनाएं एक साथ आनी चाहिए। विभाजन से पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है। यदि यह ताकत एक हो जाती है तो महाराष्ट्र में शिवसेना की शक्ति विशाल होगी। अखंड शिवसेना' पर जोर देते हुए गजानन कीर्तिकर ने आगे कहा, आज भी मुझे लगता है कि एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे को एक साथ आना चाहिए। अगर वे मेरी बात सुन रहे हैं, तो मुझे बात करने के लिए बुलाएं। मैं दोनों से बातचीत करूंगा। मुझे विश्वास है कि वे मेरे अनुभव और उम्र का मान रखेंगे। उन्होंने कहा,"दोनों शिवसेनाएं एक साथ आनी चाहिए। दो गुट बनने की वजह से पार्टी को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। अब दो-दो स्थापना दिवस मनाए जाते हैं, दो-दो दशहरा रैली होती हैं। यदि शिवसेना के ये दोनों धड़ एकजुट हो जाए, तो महाराष्ट्र में शिवसेना की कितनी बड़ी शक्ति खड़ी हो सकती है। आज भी मुझे लगता है कि दोनों शिवसेनाओं को एक होना चाहिए और इसके लिए मैं जरूर प्रयास करूंगा। गजानन कीर्तिकर ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें हिंदुत्व का रास्ता नहीं छोड़ना चाहिए था। लाखों शिवसैनिकों के दिलों में आज भी बालासाहेब के विचार बसे हैं। कांग्रेस और एनसीपी के साथ जाने का निर्णय भी गलत था, इसलिए एकनाथ शिंदे को बालासाहेब की विचारधारा वाली शिवसेना अलग को करना पड़ा।

## अजित पवार की एनसीपी ने उद्धव खेमे में लगाई सेंध

**मुंबई.** राज्य की राजनीति में इन दिनों बड़ी हलचल मची हैं। जल्द ही स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसी कारण से राजनीतिक हलकों में बैठकों का दौर तेज हो गया है और दलबदल भी खूब हो रहें है। सबसे ज्यादा नुकसान विपक्षी गठबंधन महविकास आघाड़ी के घटक दलों को होता दिख रहा है। खासकर उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) के कई बड़े नेता बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों में उद्धव ठाकरे गुट में लगातार टूट देखी जा रही है। स्थानीय निकाय चुनावों की पृष्ठभूमि में कई पूर्व विधायक, पार्षद और पदाधिकारी शिंदे की शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। आने वाले समय में कुछ सांसदों के भी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। उद्धव खेमे में बड़ी सेंध लगाई है।

## 10 करोड़ की लागत से बन रहा पुलिस डॉग्स आधुनिक केनेल

**मुंबई.** मुंबई पुलिस अपनी क्राइम इन्वेस्टिगेशन सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल कर रही है. मरोल ग्राउंड में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक डॉग केनेल का निर्माण किया जा रहा है, जो न सिर्फ वर्तमान में कार्यरत पुलिस डॉग्स के लिए बेहतर आवास उपलब्ध कराएगा, बल्कि बीमार और सेवानिवृत्त डॉग्स की देखभाल के लिए भी समर्पित सुविधा केंद्र होगा. इस एडवांस केनेल में 50 से अधिक पुलिस डॉग्स को रखा जाएगा, जिनकी भूमिका शहर की सुरक्षा, क्राइम सिन की जांच और बम जैसी संदिग्ध वस्तुओं की पहचान में बेहद अहम होती है.

सूत्रों के मुताबिक, यहां पर बीमार कुत्तों के लिए आइसोलेशन यूनिट, सेवानिवृत्त डॉग्स के लिए स्थायी निवास, और नए डॉग स्क्वाड के लिए ट्रेनिंग सेंटर भी होगा. एक अधिकारी ने बताया कि जहां अब तक सेवा से रिटायर हो चुके कुत्तों को एनजीओ या पशु प्रेमियों को सौंपा जाता था, वहीं अब उन्हें भी इस नए केनेल में बेहतर देखरेख और चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी. यह कदम न सिर्फ इन वफादार साथियों को सम्मान देगा, बल्कि पुलिस बल की कार्यक्षमता को भी मजबूती प्रदान करेगा. इस नए परिसर में ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना भी की जा रही है, जहां नव-नियुक्त डॉग्स को अपराध स्थल की जांच, बम डिटेक्शन, नारकोटिक्स ट्रैकिंग और वीआईपी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दक्ष बनाया जाएगा. ज्ञात हो कि मुंबई पुलिस की डॉग स्क्वाड की स्थापना 1967 में हुई थी और तब से यह यूनिट अपराध जांच में अहम भूमिका निभा रही है. वर्तमान में डॉग स्क्वाड दो भागों में कार्यरत है.

## साठे कॉलेज में हुई छात्रा की मौत



**मुंबई.**

मुंबई में साठे कॉलेज में पढ़ने वाली संध्या पाठक की मौत से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है. संध्या पाठक की मौत कॉलेज की तीसरी मंजिल से नीचे गिरने की वजह से हुई है. नीचे गिरने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मौत का ये मामला घटनाक्रम के साथ ही उलझ गया है. कॉलेज का कहना है कि संध्या पाठक की गिरने से मौत हुई है.

वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि संध्या ने मौत की छलांग लगाई और जीवनलीला समाप्त कर ली. लेकिन परिवार इस बात को मानने को तैयार नहीं है. परिवार के लोगों का कहना है कि उसकी हत्या हुई है. हत्या के लिए उसे कॉलेज की तीसरी मंजिल से धक्का दिया गया है. अब पुलिस के लिए मौत की वजह खोजना चुनौती बन गई है. पुलिस सभी शंकाओं को दूर करने के लिए मौत से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है. संध्या पाठक मुंबई के विले पारले में मौजूद साठे कॉलेज में की छात्रा थी. वो यहां थर्ड ईयर की छात्रा थी. वो घर से कॉलेज के लिए निकली थी और कॉलेज पहुंचने के बाद तीसरी मंजिल पर थी. तभी ये घटनाक्रम हुआ. प्रथमदृष्टया पाया गया कि संध्या पाठक की कॉलेज की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई. कॉलेज प्रसाशन ने भी यही कहा कि छात्रा की मौत गिरकर हुई है. मौत के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सूचना दी.

बेटी की मौत की खबर पाकर परिवार के लोग वहां पहुंचे. बेटी के शव को देखते ही पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई. परिवार के लोगों ने कहा कि उनकी बेटी को कॉलेज की तीसरी मंजिल से किसी ने धक्का दिया है. क्योंकि, 21 साल की संध्या पाठक कॉलेज की तीसरी मंजिल के कॉरिडोर में टहलते हुए नजर आई थी. ऐसे में वो अचानक कैसे गिर सकती है? मुंबई के नालासोपारा में रहने वाली संध्या पाठक की मौत पर पूरे कॉलेज में खलबली मच गई. सूचना पाकर मौके पर पहुंची विलेपार्ले पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हालांकि, संध्या पाठक की मौत के बाद कोई सुसाइड नोट नहीं मिला. इससे भी मौत को लेकर उलझन बढ़ गई है.

## आज का राशिफल

**मेष** - आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग धन से जुड़ी कीमती सलाह दे सकते हैं। '

**वृषभ** - सेहत पर आज नजर रखने की जरूरत है। आर्थिक स्थिति में सुधार निश्चित है। आज का दिन आपके परिवार में खुशियों की सौगात ला सकता है।

**मिथुन** - आज फिट रहने के लिए दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करें। आपको आर्थिक लाभ होगा। प्रेमी-प्रेमिका के बीच अनबन हो सकती है।

**कर्क** - आज आपको घरेलू परेशानियां घेर सकती हैं लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है आप इनका हल निकाल लेंगे। व्यापारिक उन्नति के संकेत हैं।

**सिंह** - आज आपको मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। अपने भविष्य को समृद्ध बनाने के लिए अपने अतीत में जो भी पैसा निवेश किया था, उसका आज फल मिलेगा।

**कन्या** - आज आपका आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अगर आप ग्रुप एक्टिविटी में शामिल होंगे तो आप नए दोस्त बनाएंगे। कार्यों को सफलतापूर्वक करने में सफल रहेंगे।

**तुला राशि**- आज आपका आत्मविश्वास व एनर्जी बढ़ी हुई रहेगी। एनर्जी बढ़ने से कार्यों में गति आएगी। जीवनसाथी कठिन परिस्थितियों में आपका साथ देगा।

**वृश्चिक** - आज आपको निवेश से बचना चाहिए, वरना नुकसान हो सकता है। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनों का साथ मिलेगा।

**धनु** - आज मानसिक परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग व ध्यान का सहारा लें। लंबी दूरी की यात्रा संभव है। आर्थिक रूप से दिन ठीक ठाक रहने वाला है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए खुशी व आनंद से भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके पिता की कोई सलाह फायदेमंद साबित हो सकती है।

**कुंभ** - आज आपको किसी पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है।

**मीन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। भवन या जमीन जायदाद के सुख में वृद्धि होगी।

## भाजपा भाषा की आड़ में राजनीति कर रही है



**मुंबई.** शिवसेना के स्थापना दिवस के मौके पर शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर जमकर निशाना साधा. उद्धव ठाकरे ने भाषण में मराठी अस्मिता, हिंदुत्व और भाजपा की कथित विभाजनकारी राजनीति को लेकर तीखे शब्दों का प्रयोग किया. उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, "भाजपा की सरकार हिंदी और मराठी के नाम पर हिंदुओं में दूरी पैदा करना चाहती है ताकि लोगों को भ्रमित कर वे अपना भ्रष्टाचार छिपा सकें. अगर महाराष्ट्र में जबरन हिंदी थोपने की कोशिश की गई, तो हम सड़कों पर उतरेंगे. यह सहन नहीं किया जाएगा. ठाकरे ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव से पहले मराठी और गैर-मराठी के बीच भेद पैदा करने की कोशिश कर रही है उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो तमिलनाडु और गुजरात में हिंदी लागू करके दिखाएं. उन्होंने एकनाथ शिंदे और भाजपा को चुनौती देते हुए कहा, "दम है तो आओ मुझे मारो, जैसे फिल्म 'प्रहार' में नाना पाटेकर ने कहा था. मेरे पास जनता की ताकत है, और हम महाराष्ट्र से भाजपा का नामोनिशान मिटा देंगे. अपने भाषण में उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर हमला बोला. उन्होंने सवाल उठाया कि जब इंडिया गठबंधन बना और भाजपा को चुनौती दी गई, तो गठबंधन को 'इंडियन मुजाहिदीन' क्यों कहा गया? उन्होंने कहा, "हमने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को सशक्त बनाने के लिए साथ दिया, लेकिन बदले में हमें अपमानित किया गया. उन्होंने भाजपा पर हिंदुत्व के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, "हमारा हिंदुत्व देशभक्ति है. हम धर्म, जाति या पंथ नहीं देखते, जब देश की बात आती है, लेकिन आपने तो हमारी सेना के हाथ बांध दिए थे.

मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

NPS DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर
अलग-अलग प्रकार के फेशियल
थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी
हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर
मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट
हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग
पीपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर
मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स
यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं।
अल्का व्हि. लाडे
9373108897 / 9373531205
प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY
Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for
• Vocal Classical Singing
• Light Music (with Karaoke)
• Zumba
• Yoga
• Crochet
• Macrame
• Drawing
• Paper Crafts
<: Contact :>
Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 19 मे शिमला मनाली
• 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम
• 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन
• 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्रा
• 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान
संपर्क
आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है!
» STUDENTS » TEACHERS » HOUSEWIVES » JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी
डॉ. (प्रा.) अभिषेक धिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडैलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

# योग दिवस पर ब्रेक, जुमे की नमाज पर एतराज

## > भड़के अखिलेश के पूर्व सांसद



**नई दिल्ली.**

योग दिवस पर सरकारी कर्मियों को ब्रेक दिए जाने पर अब सियासत शुरू हो गयी है. जी हां इस मामले पर समाजवादी पार्टी के नेता और मुरादाबाद से पूर्व सांसद डॉ एसटी हसन ने प्रतिक्रिया दी है.

उन्होंने इसे योगी सरकार का दोहरा मापदंड बताया और कहा कि जब मुस्लिम कर्मियों को जुमे की नमाज के लिए आधे घंटे का ब्रेक नहीं है तो फिर योगा डे पर क्यों? एसटी हसन मुरादाबाद में पत्रकारों से बात कर रहे थे. जहां उन्होंने ये बयान दिया.

एसटी हसन ने कहा कि योगा डे पर ब्रेक देने की कोई आवश्यकता नहीं है. कर्मचारी चाहें तो घर से योग करके भी ऑफिस आ सकते हैं. जब मुसलमानों को जुमे की नमाज के लिए आधे घंटे का ब्रेक देने से सरकार को परहेज है, तो योग के लिए विशेष ब्रेक देना कहां तक उचित है? उन्होंने कहा कि वो योग के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार को सभी धर्मों के प्रति समान व्यवहार करना चाहिए.

यहां बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र के आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत सभी सरकारी कार्यालयों में 'वाई-ब्रेक योगा' सत्र शुरू करने का फैसला किया है. ये 5 से 10 मिनट का संक्षिप्त योग सत्र है. इसे कर्मचारियों के तनाव को कम करने और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए डिजाइन किया गया है.

डॉ. हसन ने इस पहल पर भी तंज कसते हुए कहा कि सरकार की नीतियां धार्मिक आधार पर भेदभाव को बढ़ावा दे रही हैं.

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर योग के लिए समय निकाला जा सकता है, तो नमाज के लिए समय देना क्यों गलत है.

### दोहरे रवैये पर सवाल

डॉ. हसन ने आगे कहा कि हम योग के विरोध में नहीं हैं. योग एक अच्छी चीज है लेकिन सरकार का दोहरा रवैया स्वीकार्य नहीं है. अगर योगा डे पर ब्रेक दिया जा सकता है तो जुमे की नमाज के लिए भी कर्मचारियों को छूट मिलनी चाहिए. अब देश में वो सब हो रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ.

# जेल में अतीक के बेटे का नया ठिकाना

## > भेजा गया 'फांसी घर' सेल में

**प्रयागराज.**



प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में बंद माफिया अतिक अहमद के बेटे अली अहमद की बैरक को जेल प्रशासन ने बदल दिया है.

जेल प्रशासन की लापरवाही सामने आने के बाद अब अली को सबसे अलग बनी हाई सिक्योरिटी सेल में भेज दिया गया है. अली के पास तलाशी में कैश मिलने के बाद डीजी जेल की तरफ से की गई कार्रवाई के बाद अब जेल प्रशासन की नींद खुली है.

यूपी की सबसे महफूज़ सेंट्रल नैनी जेल माना जाता है. माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के पास जेल के अंदर नियमों के विपरीत 1100 रुपए कैश बरामद होने पर डीजी जेल ने संज्ञान लेते हुए हुए दो जेल कर्मियों को निलंबित कर जेल अधिकारियों को फटकार लगाई. इसके बाद जेल प्रशासन ने अली अहमद की जेल बदलने का फैसला किया है. अली अब नैनी जेल की 'फांसी घर' वाली हाई सिक्योरिटी सेल में उसे शिफ्ट कर दिया गया है. केंद्रीय कारागार नैनी में बड़े अपराधियों को रखने के लिए हाई सिक्योरिटी सेल और हाई सिक्योरिटी बैरक की व्यवस्था है.

हाई सिक्योरिटी सेल में 6-8 फीट के 12 कमरे हैं, जहां एक कमरे में एक बंदी को रखा जाता है. यह -एक अंडाकार सेल है, जिसमें हर कमरे एक-दूसरे के सामने पड़ते हैं.


हाई सिक्योरिटी बैरक में लगभग 24 कमरे हैं. एक कमरे में तीन से चार बंदियों को रखे जाने की व्यवस्था होती है. हाई सिक्योरिटी बैरक में इस समय उग्रवादी, बांग्लादेशी पाकिस्तानी और पीओके के बंदियों को रखा गया है.

हाई सिक्योरिटी सेल और हाई सिक्योरिटी बैरक में रहने वाले बंदियों को विशेष अवस्था पर ही सेल और बैरक से बाहर लाया जाता हैं.

# गहनों के झांसे फंसी छोड़ा घर

## > मानसिक बीमार हुई आशा वर्कर

**भोपाल.**




साइबर ठग अब तक लोगों की मेहनत की कमाई लूटते थे। अब वे अपने जाल में फंसाकर लोगों को मानसिक बीमार भी बना रहे हैं।

जबलपुर के बरगी की आशा कार्यकर्ता को ठगों ने गहने के झांसे में फंसाया। 4 लाख लूटे, फिर ठगों ने ऐसा फंसाया कि उसने तंग होकर घर ही छोड़ दिया। वह दिल्ली चली गई। वह ठगों के संपर्क में रही और उनके इशारे पर खुद के अपहरण की कहानी गढ़कर वीडियो बना लिए।

आशा कार्यकर्ता (36) को मार्च में साइबर ठग ने टारगेट किया। कहा-लॉटरी में सोने-चांदी के जेवर जीते हैं। कुछ पैसे जमा कराएं। महिला ने गहनों की बात की तो ठगों ने कहा, पुलिस ने जब्त कर लिया है, चार लाख रुपए भेजो। तब गहने छुड़ाकर भेज दूंगा। ऐसा न करने पर धमकी भी दी कि उसका नाम आया तो पुलिस तुम तक पहुंचेगी। आशा कार्यकर्ता ने परिवार को बिना बताए गहने बेचे और रुपए ठग को भेज दिए।

साइबर ठगों को महिला ने परेशानी बताई तो ठगों ने उसका ब्रेन वॉश कर दिया। कहा-वह मदद करेगा। उसने आशा कार्यकर्ता को वीडियो बनाने कहा। इस वीडियो में वह कह रही है कि उसका अपहरण हो गया है। रुपए नहीं दिए तो हत्या कर दी जाएगी। उसे धमकी दी जा रही है कि अंग बेचकर उसके शरीर के टुकड़े बरगी में फेंक दिए जाएंगे।

यह वीडियो महिला ने साइबर ठग को भेजा। पैसे और जेवर के बारे में परिजनों ने पूछा तो आशा कार्यकर्ता परेशान हो गई। वह ठगों के संपर्क में थी। उसने बाहर जाकर रुपए कमाने की सोची। 27 अप्रैल को घर से निकली। ट्रेन से मुंबई और सूरत गई। वहां काम करती। कभी भंडारे में खाना खाया तो कभी कहीं और। रात में सड़क पर सोती थी।

फिर वह दिल्ली गई। वह ठगों के चंगुल में इस कदर फंसी थी कि हर बात शेयर कर रही थी।ठगों ने यह वीडियो 1 जून को आशा कार्यकर्ता के परिजन को भेजा। रुपए मांगे, न मिलने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। परिजन ने 8 जून को केस दर्ज कराया।

पुलिस ने लोकेशन ट्रेस किया तो दिल्ली मिला। इसके बाद उसे दिल्ली से महिला को दस्तयाब किया।

# उदित राज ने थरूर पर साधी चुप्पी

**नई दिल्ली.**



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार (19 जून) को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के कुछ लोगों से उनकी राय अलग है. इस पर जब कांग्रेस नेता उदित राज से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'इस पर मैं कुछ कमेंट करने की स्थिति में नहीं हूं.' इससे पहले उन्होंने शशि थरूर को बीजेपी का 'सुपर प्रवक्ता' कह दिया था. इसके अलावा उनसे बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन पर भी सवाल किया गया. बिहार के सिवान में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और आरजेडी को निशाने पर लिया. उन्होंने कहा कांग्रेस के लाइसेंस राज के दौरान उनकी पार्टी के नेता अमीर हो गए लेकिन जनता गरीब बनी रही. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी का मॉडल परिरवार पर केंद्रित है.इस पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा, आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी को कोटा और लाइसेंस से इतनी ज्यादा नफरत है. कोटा और लाइसेंस से ही दलितों का खासकर तौर से और पिछड़ों का कुछ हद तक उत्थान हुआ है.उदित राज ने कहा, "गैस की एजेंसी में कोटा है. पेट्रोल पंप में कोटा है. नौकरी में कोटा है. प्रधान-सरपंच में कोटा है. लाइसेंस है तो उसमें भी कोटा है. मैं दर्द समझ सकता हूं. आरएसएस पिछड़ों और दलितों को गुलाम बनाकर रखना चाहती है और कांग्रेस ने उनको गुलाम बनने नहीं दिया उनका उत्थान किया. इसलिए लाइसेंस और कोटा राज का मोदी विरोध करते हैं. 2104 से धराधर निजीकरण शुरू कर दिया. लैटरल एंट्री शुरू कर दी. 10 साल हो गए 10 साल में मुश्किल से इन्होंने 10 लाख नौकरियां दी होंगी.

इसके आगे उन्होंने कहा, "कांग्रेस के समय 10 लाख एससी, एसटी और ओबीसी को नौकरी मिल जाती थी. बिहार में एससी, एसटी और ओबीसी के लोग जो ऊपर आए हैं लाइसेंस और कोटा से ही ऊपर आए हैं.

# दीवार गिरने से 4 लोगों की मौत

**देहरादून.**



उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। ओडाटा गांव में एक घर की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। गुरुवार रात करीब 2 बजे उत्तरकाशी के ओडाटा गांव के मोरा तोक स्थित गुजर बस्ती में यह हादसा हुआ। अचानक घर की एक दीवार ढह गई, जिसके मलबे के नीचे गुलाम हुसैन (26 वर्ष), उनकी पत्नी रुकमा खातून (23 वर्ष), तीन साल का बेटा आबिद, और दस महीने की बेटी सलमा दब गए। उनकी चीखें आसपास के माहौल में गूंज उठीं, लेकिन किसी को बचने का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिवादन बल) को सूचना दी। तहसीलदार मोरी जब्बर सिंह असवाल, राजस्व उप निरीक्षक, एसडीआरएफ और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मलबे से निकाले जाने तक चारों सदस्य अपनी जान गंवा चुके थे। इस खबर से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया और परिवार में चीख-पुकार मच गई। तहसीलदार जब्बर सिंह असवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था, लेकिन दुर्भाग्य से किसी को भी बचाया नहीं जा सका।

## > पिता के दोस्त ही निकले हैवान!

# 9 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप

**नोएडा.**



उत्तर प्रदेश के नोएडा में मासूम बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न की घिनौनी घटना ने सबको हैरान कर दिया. मामले में 9 साल की बच्ची के साथ उसके पिता के दोस्तों ने ही दरिंदगी की. घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मामला नोएडा सेक्टर-21 का है, जहां 9 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसका अपहरण कर, उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया है. मामले में बच्ची ने अपने पिता के तीन दोस्तों पर रेप का आरोप लगाया है. सेक्टर-20 थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. साथ ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है.

पुलिस के मुताबिक, बच्ची अपने पिता, बड़े भाई और बहन के साथ सोसायटी में रहती है. वह पहली कक्षा की छात्रा है. उसे 17 जून को पेट दर्द और बुखार की शिकायत हुई. दवा लेने के बाद भी सुधार न होने पर बच्ची को चाइल्ड पीजीआई ले जाया गया.

डॉक्टर ने उसे बुखर की दवा दी. इसी दौरान बच्ची ने डॉक्टर को बताया कि उसके साथ कई बार यौन उत्पीड़न किया गया. इस पर डॉक्टर बच्ची की बात सुनकर हैरान हो गए. उन्होंने बच्ची को जांच के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल से पुलिस को मामले की पूरी जानकारी मिली.

पुलिस के आने के बाद बच्ची से बात की गई. इसके बाद बच्ची ने करीब दो महीने के भीतर कई बार अपने साथ हुई घटनाओं के बारे में बताया. बच्ची ने आरोप लगाया कि घर के पास कपड़े धोने वाले अंकल एक दिन उसे डरा कर दूर ले गए और उसके साथ अश्लील हरकत की. ये आरोपी सेक्टर-123 में रहता है और इसका नाम अनिल कुमार बताया गया है. बच्ची के मुताबिक, इसी तरह हरौला गांव में रहने वाला हीरालाल और सेक्टर-48 में रहने वाला विक्रम सिंह भी उसके साथ ऐसा कर चुके हैं. यह सुनकर पुलिस भी स्तब्ध रह गई. परिवार वालों के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई.

पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी बच्ची के पिता के दोस्त हैं. आरोपी विक्रम सिंह घरेलू सहायक का काम करता है. हीरालाल भी सोसायटी में एक व्यक्ति की कार चलाता है. तीनों आरोपी अक्सर बच्ची के पिता के साथ देखे गये हैं. पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है. कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

# मुस्लिम समुदाय के लिए बढ़ाया हाउसिंग आरक्षण

## > कर्नाटक सरकार का बड़ा फैसला

**कर्नाटक.**



कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लिए राज्य की विभिन्न आवास योजनाओं में आरक्षण को 10% से बढ़ाकर 15% करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने बैठक के बाद बताया कि यह निर्णय सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और वंचित समुदायों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के हालिया सर्वेक्षणों के आधार पर मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या और उनकी आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह आरक्षण बढ़ाया गया है। यह बढ़ा हुआ आरक्षण आश्रय, बसवा, और डॉ. आंबेडकर आवास योजनाओं सहित राज्य सरकार की सभी आवासीय परियोजनाओं पर लागू होगा। इस फैसले को लागू करने के लिए किसी नए कानून की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, जिसमें अल्पसंख्यकों के लिए 15% आवंटन का प्रावधान पहले से मौजूद है। मंत्री ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदायों में मुस्लिम, ईसाई, जैन और बौद्ध शामिल हैं, लेकिन सर्वेक्षणों के अनुसार, मुस्लिम समुदाय में बेघर आबादी की संख्या सबसे अधिक है। इसीलिए इस वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। पाटिल ने जोर देकर कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के सभी गरीब वर्गों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है और यह निर्णय किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी के तहत लिया गया है।

# 9 बच्चों पर गिरी आकाशीय बिजली

## > चार की मौत

**कौशांबी.**



कौशांबी जिले के अलग-अलग दो थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हुईं, जिसमें 4 बच्चों की मौत हो गई और 5 बच्चे झुलस गए. दो घटनाओं में 9 बच्चे चपेट में आए .जानकारी के मुताबिक, दोनों घटनाएं मंझनपुर तहसील क्षेत्र की हैं। पहली घटना सराय थाना क्षेत्र के जुगराजपुर गांव की है, जहां 4 बच्चे खेतों में पशु चरा रहे थे। अचानक मौसम बिगड़ा और बारिश शुरू हो गई। सभी बच्चे घर की ओर लौटने लगे, लेकिन इसी दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आकर 13 वर्षीय सतीश कुमार और 13 वर्षीय मनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 वर्षीय दिपांजलि और 10 वर्षीय पवन झुलस गए। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

दूसरी घटना कौशांबी थाना क्षेत्र के तारा का पुरवा गांव में हुई, जहां पांच बच्चे खेत में पशु चरा रहे थे। बारिश शुरू होते ही वो सभी एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी तेज चमक और धमाके के साथ बिजली पेड़ पर गिर गई। हादसे में 16 वर्षीय गोविंद निषाद और 15 वर्षीय रूपा देवी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 5 घायलों में से 2 ठीक होकर घर जा चुके हैं, जबकि 3 का इलाज चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख मुआवजा देने का एलान किया है।

इसके पहले 15 जून को प्रयागराज में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई थी। जिले के बारा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी के अलावा दो बच्चियां शामिल थीं।

# ध्यान भटकाने के लिए सिसोदिया पर नया आरोप: आतिशी

**नई दिल्ली.**



दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है. आतिशी ने कहा कि साजिश के तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं पर केस किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि बीजेपी की चार इंजन की सरकार दिल्ली में हर मोर्चे पर फेल है, ऐसे में जनता का ध्यान भटकाने के लिए आप नेताओं पर फर्जी केस लगाए जा रहे हैं.

आतिशी ने कहा कि भाजपा से दिल्ली सरकार नहीं चल पा रही है. दिल्लीवाले पावर कट, महंगी बिजली, पानी की किल्लत और जलभराव की समस्याएं झेल रहे हैं. आतिशी ने आरोप लगाया कि बीते 10 सालों में भाजपा के इशारे पर जांच एजेंसियों ने आप नेताओं पर 200 से ज्यादा केस लगाए हैं लेकिन आजतक भ्रष्टाचार का एक पैसा नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया से सांठगांठ कर भाजपा दिल्ली के शिक्षा मॉडल को बर्बाद करने के लिए सरकारी स्कूलों को बंद करना चाहती है.आतिशी ने कहा कि आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक फर्जी क्लास रूम घोटाले के नाम पर एसीबी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया गया है. उन्होंने कहा कि 10 साल से भाजपा की केंद्र सरकार और उसकी ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, दिल्ली पुलिस समेत अलग-अलग एजेंसियों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर झूठे और फर्जी केस लगाए हैं.

आतिशी ने भाजपा से पूछा कि किसी भी घोटाले का प्रमाण कहां है? दो हजार करोड़ रुपए का घोटाले का पैसा कहां है? 1945 से 2015 तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 24 हजार कमरे थे. आम आदमी पार्टी ने 10 साल में 22700 विश्वस्तरीय क्लास रूम बनाए.

भाजपा चाहती है कि गरीबों के बच्चों के लिए कोई स्कूल न बनाए. एक तरफ भाजपा सरकारी स्कूलों को ठप करना चाहती है और दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ा रही है.

### बीजेपी की 4 इंजन की सरकार फेल है

आतिशी ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देते समय केंद्र सरकार की एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई थी. कोर्ट ने कहा था कि ये एजेंसियां पिंजरे में बंद तोते की तरह हैं. इस फर्जी क्लास रूम घोटाले की जांच के पीछे मुख्य कारण यह है कि 100 दिन में भाजपा की चार इंजन की सरकार हर सब्जेक्ट में फेल हो चुकी है.



# बॉलीवुड में क्यों टिक नहीं पाईं मोनालिसा?



□ बंगाली टीवी सीरियल से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अंतरा बिस्वास ने पहली कमाई बतौर वेटर बनकर की थी. धीरे-धीरे समय बदला और उनकी पोस्ट होटल ताज से लेकर ओबरॉय तक बढ़ती गई. फिल्मों में आने के लिए अंतरा बिस्वास ने अपना नाम मोनालिसा रखा और फिर बॉलीवुड में एंट्री ली. बॉलीवुड में कुछ साल बिताने के बाद भी मोनालिसा को वो लोकप्रियता नहीं मिल रही थी जो वो चाहती थीं, और साथ ही उन्हें कुछ परेशानियां भी झेलनी पड़ी, जो इतनी बढ़ गईं कि उन्हें बॉलीवुड ही छोड़ना पड़ा था. द एड शो नाम का यूट्यूब चैनल है, जिसे भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे की बड़ी बहन आंचल दुबे चलाती हैं. उनके इस शो में लेटेस्ट गेस्ट अंतरा बिस्वास यानी आपकी फेवरेट मोनालिसा रही हैं. यहां मोनालिसा ने अपने शुरुआती करियर से लेकर अब तक के सफर पर बात की. लेकिन बॉलीवुड में काम करने के दौरान मोनालिसा को क्या-क्या झेलना पड़ा था. इसी पॉडकास्ट में मोनालिसा ने अपने फिल्मी करियर और बॉलीवुड छोड़ने की वजह पर बात की. उन्होंने बताया कि होटल में नौकरी करने के दौरान मोनालिसा का सामना कोलकाता के कई प्रोड्यूसर या डायरेक्टर से होता रहता था. उन्हें देखकर वो लोग फिल्मों में काम करने का बोलते थे लेकिन मोनालिसा ने नौकरी पर फोकस किया. लेकिन उनके अंदर की एक्ट्रेस और डांसर हमेशा कुछ करना चाहती थी. फिर उन्हें किसी ने एक फिल्म में एक सॉन्ग का ऑफर दिया जिसे मोनालिसा ने एक्सेप्ट कर लिया था. इसके बाद मोनालिसा ने नौकरी छोड़ी और एक्टिंग करियर में अपना फुल टाइम देने का फैसला लिया. बंगाली फिल्मों में उन्हें छोटा-मोटा रोल मिल जाया करता था और वो खुश थीं.

# एकता कपूर का एहसान मानते हैं राम कपूर



□ राम कपूर और एकता कपूर के बीच सालों पुराने रिश्ते हैं. बीते कुछ महीनों से दोनों के बीच अनबन की खबर सामने भले ही आ रही हो, लेकिन राम आज भी एकता कपूर को काफी मानते हैं. राम ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी को-स्टार साक्षी तंवर के साथ अपने किसिंग सीन वाले एपिसोड पर चर्चा की थी. फिर उन्होंने कहा कि उन्होंने एकता के कहने पर ये किया था. राम कपूर का ये बयान एकता को पसंद नहीं आया. हालांकि अब एक्टर ने सफाई पेश की है और एकता की जमकर तारीफ भी की है. बात करते हुए, राम कपूर ने एकता कपूर के साथ अपनी अनबन की खबरों के बारे में खुलकर बात की. जब उनसे इस मामले पर सवाल पूछा गया तो अभिनेता ने फिल्म निर्माता एकता कपूर के खिलाफ कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से साफ इनकार कर दिया. उन्होंने विस्तार से बताया कि एकता जो चाहे कह सकती हैं और यहां तक कि उन्होंने यह भी कहा कि वह हमेशा उनके आभारी रहेंगे. राम कपूर ने कहा, "वह जो चाहे कह सकती हैं, लेकिन मैं एक शब्द भी नहीं कहूंगा.

क्योंकि आखिरकार, उन्होंने मुझे वह दिया जो किसी ने मुझे नहीं दिया." उन्होंने अपने करियर को आगे बढ़ाने और अवसर देने के लिए उनकी जमकर तारीफ भी की. उन्होंने अपनी बात को पूरा करते हुए आगे कहा, "जब किसी और ने मुझ पर विश्वास नहीं किया, तब उन्होंने मुझ पर विश्वास किया और इसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूंगा. मेरे करियर के अंत तक उन्हें मेरे बारे में जो कुछ भी कहना है, उन्हें कहने का पूरा हक है." बता दें, एकता कपूर के पॉपुलर शो बड़े अच्छे लगते हैं ने राम कपूर की जिंदगी बदलकर रख दी. इस शो के जरिए राम को घर-घर में पहचान हासिल हुई. एकता ने कई टीवी सितारों का करियर बनाया है. उन्होंने कई यंग स्टार्स को अपने पॉपलुर शोज में काम करने का मौका दिया है. एकता कपूर को छोटे पर्दे की क्वीन भी कहा जाता है. टीवी शोज के साथ-साथ वो अपनी फिल्मों के जरिए भी खूब तारीफें बटोर चुकी हैं.

# सुचित्रा ने प्लेन क्रैश में बचे विश्वास कुमार पर उठाया सवाल



□ कुछ दिनों पहले अहमदाबाद प्लेन क्रैश ने पूरे देश को हिला के रख दिया है. इस घटना में कई सारे लोगों ने अपनी जान गंवा दी, लेकिन पूरी घटना में केवल एक शख्स की जान बच गई. लेकिन हाल ही में फेमस एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने इस घटना में बचे शख्स विश्वास कुमार की कहानी पर सवाल उठाए हैं. इतना ही नहीं उन्होंने इस कहानी को झूठा भी ठहराया है. इस मामले के बाद से लोगों ने एक्ट्रेस की इस हरकत पर उनकी काफी आलोचना की है, जिसके बाद उन्हें माफी मांगनी पड़ी है. 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही प्लेन क्रैश हो गई, जिसमें 270 लोगों ने जान गंवा दी. लेकिन इसी घटना में विश्वास कुमार नाम के शख्स की जान बच गई. इस मामले पर हाल ही में एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट के जरिए विश्वास कुमार पर सवाल उठाया है और साथ ही उनकी कहानी को भी झूठा बताया है. हालांकि, लोगों ने जब उनकी इस पोस्ट पर नेगेटिव रिएक्शन देकर गलत जानकारी फैलाने की बात की, तो उन्होंने अपना पोस्ट ही डिलीट कर दिया. अपने डिलीट पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा था कि विश्वास कुमार रमेश ने विमान में यात्री होने और एकमात्र जिंदा होने के बारे में झूठ बोला? यह वाकई अजीब है, क्या यूके में उसके परिवार ने उसकी कहानी की पुष्टि नहीं की? उसके भाई के अंतिम संस्कार के बारे में क्या, जिसमें उसे कंधा देते हुए देखा गया था? अगर यह सच है तो न केवल कुछ गंभीर सजा बल्कि कुछ मेंटल असाइलम के लायक है. पोस्ट डिलीट करने के बाद एक्ट्रेस ने इसके लिए माफी भी मांगी है. शाहरुख खान के साथ फिल्म कभी हां कभी ना में नजर आईं सुचित्रा को लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा है. एक्ट्रेस ने इस बीच पुराना पोस्ट डिलीट करते हुए नया पोस्ट शेयर किया. जिसमें उन्होंने लिखा, एयर इंडिया दुर्घटना में बचे व्यक्ति पर अपना आखिरी ट्वीट डिलीट कर दिया है. लगता है कि यह झूठी खबर है, भगवान जाने किस वजह से फैलाई गई है, माफी चाहती हूं. विश्वास कुमार की बात करें, तो दुर्घटना के वक्त वो इमरजेंसी गेट के पास ही थे, जिसकी वजह से वो प्लेन से बाहर आ गए और उनकी जान बच गई थी.

# 'गरम मसाला गर्ल' जो रातोंरात बनीं स्टार?



□ नीतू चंद्रा को भला कौन भूल सकता है, खासकर फिल्म 'गरम मसाला' की चुलबुली एयर होस्टेस 'स्वीटी' को? साल 2005 में इस फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों का दिल जीत लिया। नीतू सिर्फ एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि मॉडल, निर्माता, थिएटर आर्टिस्ट, क्लासिकल डांसर और ब्लैक बेल्ट ताइक्वांडो खिलाड़ी भी हैं। उन्हें बॉलीवुड की पहली ब्लैक बेल्ट एक्ट्रेस कहा जाता है। हालांकि, उनका करियर कुछ विवादों से भी जुड़ा रहा है। नीतू चंद्रा का जन्म 20 जून 1984 को बिहार के पटना में हुआ था। उन्होंने पटना के नोट्रे डेम एकेडमी से पढ़ाई की और फिर दिल्ली के इंद्रप्रस्थ कॉलेज से स्नातक की डिग्री ली। नीतू अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां नीरा चंद्रा को देती हैं, जो पूर्वी चंपारण से ताल्लुक रखती हैं। नीतू ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। उन्होंने कई विज्ञापनों में काम किया और फिर फिल्मों की ओर रुख किया।

2005 में आई प्रियदर्शन की कॉमेडी फिल्म 'गरम मसाला' में उन्होंने अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन शेयर की। इस फिल्म की सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। नीतू ने एक इंटरव्यू में कहा था, "गरम मसाला सुपरहिट थी। प्रियदर्शन सर की वजह से मुझे यकीन था कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी। आज भी लोग मुझे 'गरम मसाला गर्ल' कहते हैं।" इसके बाद उन्होंने साल 2006 में तेलुगू फिल्म 'गोदावरी' और 2007 में मधुर भंडारकर की 'ट्रैफिक सिग्नल' में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। खास बात है कि 'ट्रैफिक सिग्नल' के लिए नीतू मुंबई की सड़कों पर एक हफ्ते तक थीं। नीतू ने अपने किरदार की तैयारी सड़कों पर रहकर की थी। नीतू बॉलीवुड की पहली अभिनेत्री हैं, जिन्हें ताइक्वांडो में फोर्थ डैन ब्लैक बेल्ट हासिल है। उन्होंने 1997 में हांगकांग में विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 1995 में दिल्ली में विश्व कॉर्फबॉल चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था। वह नेशनल गेम्स में ताइक्वांडो में सिल्वर मेडल भी पा चुकी हैं। साल 2012 में कोरियन एम्बेसी, नई दिल्ली ने उन्हें फोर्थ डैन ब्लैक बेल्ट से सम्मानित किया। इसके अलावा, वह बास्केटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एनबीए से जुड़ी हैं और 2017 में प्रो कबड्डी लीग की विजेता टीम पटना पाइरेट्स की ब्रांड एम्बेसडर भी रहीं।

# ऑस्कर विनर रॉबर्ट डी नीरो ने देखी अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट'



□ हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर लंबे वक्त से अपनी अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. मेकर्स आए दिन फिल्म से जुड़े नए-नए पोस्टर्स और जानकारियां सभी के साथ शेयर कर रहे हैं. इसी बीच 'तन्वी द ग्रेट' का प्रीमियर न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में हुआ, जहां अनुपम खेर की फिल्म को देखने के लिए हॉलीवुड आइकन और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डी नीरो ने भी शिरकत की.

अनुपम खेर ने रॉबर्ट डी नीरो की मौजूदगी को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी शेयर किया. दिग्गज एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की और इवेंट के दौरान की कई सारी तस्वीरें भी पोस्ट कीं. इन तस्वीरों में अनुपम खेर और रॉबर्ट डी नीरो एक साथ नजर आ रहे हैं. हॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार की मौजूदगी को अनुपम खेर ने अपने करियर की सबसे बड़ी हाईलाइट भी बताया और अपने पोस्ट में उनकी तारीफ भी की. अनुपम खेर ने अपने पोस्ट में लिखा, दुनिया के सबसे बेहतरीन एक्टर ने न्यूयॉर्क में "तन्वी द ग्रेट" के प्रीमियर में हिस्सा लिया! एक अभिनेता/निर्देशक भगवान से और क्या मांग सकता है! प्रीमियर में हिस्सा लेने के लिए प्रिय टिफ़नी और श्री रॉबर्ट डी नीरो को धन्यवाद! यह निश्चित रूप से मेरे पूरे करियर का हाइलाइट है. मैं अभी भी सदमे में हूं. लेकिन फिर मैं यह भी कहता हूं कि 'कुछ भी हो सकता है' जय माता की. बता दें, दोनों अभिनेताओं के बीच का रिश्ता बहुत पुराना है. उन्होंने पहली बार सिल्वर लाइनिंग्स प्लेबुक (2012) में स्क्रीन शेयर की थी, जिसने ऑस्कर नॉमिनेशन हासिल किया और अनुपम खेर के लिए वो एक महत्वपूर्ण क्रॉसओवर पल था. 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में दोनों की फिर से मुलाकात हुई, जब रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया गया.

# जल्द ऑफ-एयर होंगे आपके पसंदीदा ये 3 टीवी सीरियल

□ आईपीएल के बाद टीवी की दुनिया में बड़े बदलाव आने वाले हैं, जिसके चलते कई मशहूर शो बंद हो जाएंगे। जी हां, सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे ये पॉपुलर टीवी सीरियल अब अलविदा कहने जा रहे हैं। इन शो में 'गुम है किसी के प्यार में' जैसे हिट ड्रामा से लेकर 'महादेव' जैसे बड़े बजट के पौराणिक शो शामिल हैं। ये बदलाव दर्शकों की बदलती पसंद और टीआरपी के खेल का नतीजा हैं, जो नए शो के लिए रास्ते खोलेंगे। स्टार प्लस का टीवी शो 'गुम है किसी के प्यार में' 5 साल पहले साल 2020 में शुरू हुआ था। इस शो ने कई सालों तक टीआरपी चार्ट पर राज किया है। बता दें कि भाविका शर्मा और परम सिंह इस शो के लीड हैं, लेकिन कभी अनुपमा को टक्कर देने वाला ये शो अब उतनी टीआरपी नहीं बटोर पा रहा है और यही कारण है कि स्टार प्लस का ये शो बंद हो रहा है। कुकिंग के साथ कॉमेडी का तड़का लगाने वाला शो 'लाफ्टर शेफ्स 2' भी अब अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है। इस मजेदार शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। दरअसल जुलाई के आखिर तक इसका ग्रैंड फिनाले होने वाला है, जिसके बाद ये सीजन खत्म हो जाएगा। कलर्स टीवी का पौराणिक सीरियल 'शिव शक्ति- तप त्याग और तांडव' भी एक सफल सफर के बाद खत्म हो रहा है। इस शो में भगवान शिव और शक्ति के रिश्ते को बखूबी दिखाया गया था और इसकी कहानी को खूब सराहा गया था, लेकिन अब ये शो जल्द ही बंद होने वाला है।

# हुमा कुरैशी का ग्लैमरस अंदाज



□ राजकुमार राव और डायरेक्टर पुलकित ने अपनी अपकमिंग फिल्म मालिक के साथ एक नई दुनिया बनाई है, जिसमें हर कदम पर मुश्किलें और परेशानियों का सामना करना पड़ता है. राजकुमार राव अपने काम से हर बार दर्शकों को काफी इंप्रेस करते हैं. सादगी वाले किरदार हों या फिर गंभीर किरदार, एक्टर खुद को पूरी तरह से हर रोल में ढाल लेते हैं. स्त्री 2 की शानदार कमाई के जरिए राजकुमार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. अब अपनी गैंगस्टर वाली फिल्म मालिक को लेकर एक्टर सुर्खियां बटोर रहे हैं. हाल ही में खबर आई थी कि इस फिल्म के साथ अब हुमा कुरैशी का नाम भी जुड़ गया है. अब उनकी पहली झलक भी सामने आ गई है.

हुमा कुरैशी ने इस एक्शन फिल्म में ग्लैमर का तड़का लगाया है, जो मालिक की 'महफ़िल में मल्लिका का स्वागत' गाने में नज़र आ रही हैं. मिड-डे के साथ गाने का पहला लुक शेयर करते हुए, एक्ट्रेस ने बताया कि तमाशा देखने के उनके प्यार ने उन्हें इस डांस नंबर के लिए हां करने के लिए मजबूर कर दिया. हुमा ने कहा, "मुझे तमाशा पसंद है! मुझे भारतीय फ़िल्में पसंद हैं, जिनमें इस तरह के गाने होते हैं.एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं ओमकारा (2006) के बीड़ी गाने पर नाचते हुए बड़ी हुई हूं. इसलिए, मुझे लगा कि यह गाना यह दिखाने के लिए एकदम सही है कि मैं कौन हूं, जब तक आपका गाना किसी पार्टी में नहीं बजता, तब तक आपने क्या ही बनाया है?"डांस नंबर में हुमा कुरैशी को डांस करता हुए देखना फैन्स के लिए थोड़ा अलग है, क्योंकि इससे पहले वो महारानी, तरला (2023) और दिल्ली क्राइम में मजबूत परफॉर्मेंस दे चुकी हैं. इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संतुलन बनाने का सबसे अच्छा तरीका है. मैं हमेशा एक कलाकार के रूप में सब कुछ देखती हूं. मैं एक कलाकार के रूप में अपने काम को संतुलित करना चाहती हूं.

लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या डांस नंबर मेरी छवि को कमज़ोर करते हैं, लेकिन मैं एक तय इमेज नहीं रखना चाहती. सिर्फ इसलिए कि मैं महारानी या दिल्ली क्राइम जैसे प्रशंसित शो कर सकती हूं, इसका मतलब यह नहीं है कि मैं यह नहीं कर सकती. मैं खुद को बॉक्स में रखने से इनकार करती हूं. कोई भी मुझे यह नहीं बता सकता कि मैं क्या कर सकती हूं और या क्या नहीं.

# क्या स्टारकिड निसा बॉलीवुड में करेगी एंट्री?



□ बॉलीवुड के स्टार कपल कहे जाने वाले एक्टर अजय देवगन और एक्ट्रेस काजोल दशकों से अपनी एक्टिंग के जरिए लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। इसी बीच एक और स्टार किड यानी अजय देवगन की लाडली न्यासा देवगन के बॉलीवुड डेब्यू की खबरें जोरों पर हैं। कहा जा रहा है कि न्यासा देवगन जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। लेकिन इस बात में कितनी सच्चाई है, इसे लेकर एक्ट्रेस काजोल ने बड़ा खुलासा किया है।

हाल ही में काजोल ने फिल्मीज्ञान के साथ एक इंटरव्यू में हिस्सा लिया जहां उन्होंने अपनी बेटी के बारे में बात की। एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह भी दूसरे पैरेंट्स की तरह अपनी बेटी को फिल्मों में लाने की प्लानिंग कर रही हैं। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा 'नहीं, मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा करेगी। उसे फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं है और मुझे लगता है कि उसने मन बना लिया है कि वो अभी बॉलीवुड या एक्टिंग की दुनिया में बिल्कुल भी कदम नहीं रखने वाली है। मैं अपने परिवार के सभी बच्चों से प्यार करती हूं और मैं चाहती हूं कि वे वही करें जिससे उन्हें खुशी मिले और जिसमें उन्हें लगे कि वे सफल होंगे।'

बता दें कि काजोल अपकमिंग फिल्म 'शैतान' ब्रह्मांड की अगली कड़ी है और ये दिखाती है कि कैसे एक मां अपने बच्चे को अलौकिक शक्तियों से बचाने के लिए सारी हदें तक पार कर जाती है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। ये फिल्म 27 जून, 2025 को हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली में रिलीज होने वाली है.

# फिल्म 'ठग लाइफ' को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी



□ अभिनेता और राजनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में रिलीज का रास्ता अब साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया कि फिल्म की रिलीज में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि पूरी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। सुनवाई के दौरान कर्नाटक सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट किया कि उसने फिल्म की रिलीज पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। साथ ही सरकार ने आश्वासन दिया कि अगर फिल्म रिलीज होती है, तो सिनेमाघरों और दर्शकों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि यदि कोई समूह या संगठन फिल्म की रिलीज में बाधा डालने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा सवाल सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा, "क्या आपने धमकी देने वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की? सिर्फ यह कहना कि प्रतिबंध नहीं है, काफी नहीं। भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई अंत नहीं। स्टैंड-अप कमीडियन कुछ कहता है, तोड़फोड़ होती है। हम कहां जा रहे हैं?" दरअसल, 'ठग लाइफ' की रिलीज को लेकर कर्नाटक में कुछ समूहों ने विरोध किया था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि नफरत फैलाने वाले बयानों और हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो।